


हाई-कॉन्सेप्ट थ्रिलर फिल्म में धमाल मचाएंगी श्रद्धा

▸ पेज -7

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

थाईलैंड का दौरा करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

▸ पेज - 8



वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में पेश

# अब राज्यसभा में होगी असली परीक्षा

## गृह मंत्री की दो टूक- वक्फ कानून संसद का है, इसे सभी को स्वीकार करना पड़ेगा

● कांग्रेस पर बरसे शाह, कहा-आपने वोट बैंक के लिए किया था, हम खारिज करते हैं

एजेंसी | नई दिल्ली

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को वक्फ संशोधन बिल 2024 लोकसभा में पेश किया। किरण रिजिजू ने इसे उम्मीद (यूनीफाइड वक्फ मैनेजमेंट इम्पावरमेंट, इफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट) नाम दिया है। बिल को केंद्र की सरकार में शामिल TDP, JDU और LJP ने समर्थन दिया।



### विपक्ष पर बरसे शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शाह ने लगभग पौने घंटे लंबे भाषण में विपक्ष को उसके द्वारा विधेयक को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम के लिए आड़े हाथ लिया। केंद्रीय मंत्री ने विपक्ष के एक सांसद की इस टिप्पणी पर कि अल्पसंख्यक इसे स्वीकार नहीं करेंगे, कहा कि यह संसद का कानून है, इसे सभी को स्वीकार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति के लिए यह डर फैलाया जा रहा है कि वक्फ विधेयक मुसलमानों के धार्मिक मामलों और उनके द्वारा दान की गई संपत्तियों में दखल है। चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए शाह ने स्पष्ट किया कि इसके कानून का रूप लेने के बाद इसे पूर्व प्रभाव से लागू नहीं किया जाएगा, बल्कि यह अधिसूचना जारी होने के दिन से लागू होगा।

### चोरी पकड़ने का काम अब वक्फ बोर्ड करेगा

शाह ने कहा कि वक्फ की संपत्तियां बेच खाने वाले को इससे बाहर निकालने के लिए यह कानून लाया जा रहा है। इस संशोधन विधेयक का उद्देश्य औने-पौने दाम पर सौ साल के लिए वक्फ की जमीन किराये पर देने वाले लोगों को पकड़ना है। यह पैसा जो चोरी होता है, उसे पकड़ने का काम वक्फ बोर्ड करेगा। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके राज्य में (वक्फ की जमीन के लिए) जो मिलीभगत चल रह रही है वह अब नहीं चलेगी। गृह मंत्री ने कहा वे कहते हैं कि इसका (वक्फ की संपत्ति) हिसाब-किताब न करो, लेकिन इसका पैसा देश के गरीबों के लिए है न कि धन्ना सेठों के चोरी करने के लिए है।

### बंगाल में आकर छाती ठोक कर कहूंगा

शाह ने तृणमूल कांग्रेस सदस्यों की टोका-टाकी पर कहा कि उनको वर्ष 2026 का डर लग रहा है, लेकिन बंगाल (विधानसभा चुनाव) में हम जीतेंगे। कल्याण बनर्जी के टोकने पर शाह ने कहा, यह राजनीतिक हिसाब-किताब करने का अखाड़ा नहीं है। बंगाल में आकर छाती ठोककर कहूंगा।

### आज राज्यसभा में होगा पेश

लोकसभा से इस बिल को पास कराने के बाद सरकार गुरुवार को इसे राज्यसभा में पेश करेगी। सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार को दोपहर 1 बजे के राज्यसभा में इस बिल पर चर्चा शुरू होगी। चर्चा के लिए 8 घंटे का वक्त मुकर्रर किया गया है। हालांकि, जरूरत पड़ने पर चर्चा के समय में बदलाव भी हो सकता है।

### एक करोड़ सुझाव पर चर्चा कर विधेयक लाया

शाह ने कहा कि संशोधन विधेयक के जरिये संपत्ति घोषित करने का वक्फ का अधिकार समाप्त कर दिया गया है, कलेक्टर (जिलाधिकारी) से सत्यापित कराना पड़ेगा और नये वक्फ को पंजीकृत कराना होगा। उन्होंने कहा कि वक्फ (दान) वही कर सकता है जो इस्लाम से आया हो, आप विरोध कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि करीब एक करोड़ सुझाव देशभर से प्राप्त हुए, उसकी मीमांसा कर यह विधेयक तैयार किया गया।

महाराष्ट्र सदन घोटाले का मामला

# भुजबल की रिहाई को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई स्थगित

▸▸ पूर्व प्रधान सचिव के वकील गिरीश कुलकर्णी ने याचिका पर उठाए सवाल

▸▸ सामाजिक कार्यकर्ता अंजली दमानिया की याचिका पर सुनवाई



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने एनसीपी (अजीत गुट) के विधायक छगन भुजबल की रिहाई को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई 28 अप्रैल तक स्थगित कर दी। अदालत इस बात पर विचार कर रही है कि इस आदेश को चुनौती देने का कानूनी अधिकार किसके पास है?

### क्या है मामला?

सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि दमानिया ने याचिका दायर कर महाराष्ट्र सदन घोटाले में आरोपी छगन भुजबल की रिहाई को चुनौती दी। पूर्व प्रधान सचिव के वकील गिरीश कुलकर्णी ने दमानिया की याचिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह न तो शिकायतकर्ता हैं और न ही गवाह, तो क्या उन्हें रिहाई को चुनौती देने का अधिकार है? उन्होंने दलील दी कि ऐसे मामलों में केवल राज्य सरकार को ही हाईकोर्ट जाने का अधिकार है।

### कोर्ट की कार्यवाही और सुनवाई स्थगित



न्यायमूर्ति शिवकुमार डिगे की एकलपीठ ने बुधवार को इस याचिका पर सुनवाई की। अदालत को पहले यह तय करना है कि दमानिया को यह याचिका दायर करने का कानूनी अधिकार है या नहीं। पहले यह मामला न्यायमूर्ति एस.एम. मोडक की पीठ को सौंपा गया था, लेकिन वे वर्तमान में खंडपीठ में न्यायमूर्ति सारंग कोतवाल के साथ सुनवाई कर रहे हैं। दमानिया के वकील रिजवान मर्चेंट ने अदालत से आग्रह किया कि रजिस्ट्री यह स्पष्ट करे कि याचिका पर कौन सी पीठ सुनवाई करेगी।

### 28 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

चूंकि लोक अभियोजक बुधवार को अनुपस्थित थे, इसलिए अदालत ने याचिका पर फैसला टाल दिया। अब इस मामले पर 28 अप्रैल को हाईकोर्ट में अगली सुनवाई होगी।

# सरकारी स्कूलों में गणवेश योजना बंद



अब स्कूल निर्धारित कर सकेंगे रंग और पैटर्न

**डिब्बागोल**

**मुंबई।** स्कूली शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी स्कूलों में एक समान गणवेश (यूनिफॉर्म) देने की योजना को एक साल के भीतर बंद करने का फैसला किया है। अब फिर से स्कूल प्रबंधन समिति को यह अधिकार दिया गया है कि वे विद्यार्थियों के गणवेश का रंग और पैटर्न तय करें।पिछले वर्ष, तत्कालीन शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने एक ही रंग और पैटर्न का गणवेश तैयार कर सभी विद्यार्थियों को वितरित करने का निर्णय लिया था। इसके लिए बचत गटों के जरिए गणवेश तैयार करने की योजना बनाई गई थी, लेकिन वितरण में देरी के कारण इस फैसले पर सवाल उठने लगे थे। अब सरकार ने फिर से पुरानी व्यवस्था लागू कर दी है।

### स्कूलों को मिलेंगे फंड, गुणवत्ता पर रहेगा जोर


नई व्यवस्था के तहत स्कूल प्रबंधन समिति को सीधे पैसे भेजे जाएंगे, ताकि वे समय पर विद्यार्थियों को गणवेश, जूते-मोजे और अन्य आवश्यक सामान उपलब्ध करा सकें। स्काउट और गाइड के विद्यार्थियों को भी संस्था द्वारा तय किए गए रंग और पैटर्न का गणवेश मिलेगा।

# उम्र के आधार पर वरीयता असंवैधानिक : हाईकोर्ट

▸▸ IOCL की नीति को कोर्ट ने बताया भेदभावपूर्ण

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने सरकारी ठेकों में उम्र के आधार पर वरीयता देने की शर्त को संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत भेदभावपूर्ण और तर्कहीन करार दिया है। कोर्ट ने कहा कि यदि दो उम्मीदवार समान योग्यता रखते हैं, तो कम उम्र के व्यक्ति को प्राथमिकता देना असंवैधानिक है।



### याचिकाकर्ता को आयु के आधार पर किया गया था वंचित

मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और न्यायमूर्ति एम.एस. कार्णिक की पीठ ने शाहबाज मुमताज खान की याचिका पर सुनवाई करते हुए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL) की नीति को चुनौती दी। खान ने रिटेल आउटलेट्स के लिए सेवा प्रदाता के रूप में आवेदन किया था, जहां उन्होंने और एक अन्य उम्मीदवार ने समान अंक प्राप्त किए थे। लेकिन IOCL की नीति के अनुसार, 28 वर्षीय उम्मीदवार को 34 वर्षीय खान पर वरीयता दी गई।

### 'यह शर्त तर्कसंगत नहीं'

पीठ ने कहा, IOCL द्वारा अपनाया गया यह मानदंड पूरी तरह से तर्कहीन है। समान योग्यता वाले दो उम्मीदवारों में कम उम्र वाले को वरीयता देने का कोई औचित्य नहीं है।र कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि सेवा प्रदाता के चयन का उद्देश्य एक ऐसे व्यक्ति को चुनना है, जो रिटेल दुकान चलाने के लिए सबसे उपयुक्त हो, न कि किसी को उम्र के आधार पर प्राथमिकता देना।

### संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन

याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि यह शर्त आयु जैसी अपरिवर्तनीय विशेषता पर आधारित भेदभाव है और संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करती है। इसे देखते हुए कोर्ट ने IOCL की नीति को असंवैधानिक करार दिया और याचिका स्वीकार कर ली।

अनिल अंबानी को झटका

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग खारिज, 25 हजार का जुर्माना

**टैक्स नोटिस**

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने उद्योगपति अनिल अंबानी द्वारा अप्रैल 2022 में जारी टैक्स नोटिस को चुनौती देने वाली याचिका में तत्काल सुनवाई की मांग पर नाराजगी जताई और उन पर 25,000 का जुर्माना लगाया। अनिल अंबानी ने आयकर अधिकारियों द्वारा अप्रैल 2022 में जारी कारण बताओ नोटिस को चुनौती दी थी। उनकी याचिका पर न्यायमूर्ति एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति जितेंद्र जैन की पीठ में सुनवाई हुई।



### कोर्ट की सख्त टिप्पणी

अदालत ने अंबानी की याचिका पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि टैक्स नोटिस तीन साल पहले जारी किया गया था, फिर अब अचानक तात्कालिकता क्यों?इस तरह की कृत्रिम तात्कालिकता दिखाकर तत्काल सुनवाई की सुविधा नहीं ली जा सकती।

### 25,000 का जुर्माना टाटा मेमोरियल अस्पताल को देने का आदेश

पीठ ने याचिका को तत्काल सुनवाई के योग्य नहीं मानते हुए इसे खारिज कर दिया और 25,000 का जुर्माना टाटा मेमोरियल अस्पताल को दो हफ्तों में जमा करने का निर्देश दिया।

मानहानि मामला

# पाटकर को कोर्ट से मिला झटका

▸▸ अपील खारिज और सजा बरकरार

▸▸ आठ अप्रैल को अदालत में पेश होने का आदेश, उसी दिन सजा को लेकर होगी सुनवाई

**नई दिल्ली/मुंबई।** नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर को साकेत जिला अदालत से झटका लगा है। अदालत ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा दाखिल आपराधिक मानहानि मामले में दोषी करार दी गईं पाटकर की ओर से सजा को चुनौती देने वाली याचिका को बुधवार को खारिज कर दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल सिंह की अदालत ने मेधा को आठ अप्रैल को पेश होने का आदेश दिया है। उसी दिन अदालत में उनकी सजा को लेकर अगली सुनवाई होगी।

### नवंबर 2000 में दायर किया था मामला



सक्सेना ने यह मामला नवंबर 2000 में तब दायर किया था, जब वह गुजरात में एक गैर-सरकारी संगठन 'नेशनल काउंसिल आफ सिविल लिबर्टीज' के अध्यक्ष थे। उन्होंने 24 नवंबर 2000 को मेधा पाटकर द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति को मानहानिकारक बताते हुए कानूनी कार्रवाई की थी। पिछले साल 24 मई को एक मजिस्ट्रेट अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि पाटकर द्वारा सक्सेना को कायर कहना और उन पर हवाला लेन-देन में संलिप्त होने का आरोप लगाना न केवल स्वभाविक रूप से मानहानिकारक है, बल्कि उनके खिलाफ नकारात्मक धारणा बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया था।


# 3,343 अवैध संपत्तियों पर बीएमसी का सख्त रुख

200% संपत्ति कर जुर्माना, 392 करोड़ की वसूली का लक्ष्य

**बकाया वसूली**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने मुंबई में 3,343 अवैध संपत्तियों पर 200 प्रतिशत संपत्ति कर जुर्माना लगाने का फैसला किया है। अधिकारियों के मुताबिक, इस जुर्माने से 392.28 करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य रखा गया है।



### बीएमसी अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई

मुंबई नगर निगम अधिनियम, 1888 की धारा 152(ए) के तहत, अवैध निर्माणों पर 200 प्रतिशत अतिरिक्त संपत्ति कर लगाने का प्रावधान है। बीएमसी ने जब भी इन अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की, तो संपत्ति मालिकों को जुर्माना नोटिस जारी किए गए। इसके बावजूद, वित्त वर्ष 2024-25 में 379.90 करोड़ रुपए की वसूली नहीं हो सकी।

### अब बकाया वसूली पर जोर

बीएमसी अधिकारियों ने बताया कि अब जब निर्धारित 6,200 करोड़ रुपए के संपत्ति कर लक्ष्य को पार कर लिया गया है, तो फोकस बकाया जुर्माने की वसूली पर होगा। इस साल बीएमसी ने रिकॉर्ड 6,388 करोड़ रुपए का संपत्ति कर एकत्र किया, जो 2010 के बाद से सबसे अधिक है। जी साउथ वार्ड (दादर, माहिम, धारावी): 205.83 करोड़ रुपए बकाया, अब तक सिर्फ 3.27 करोड़ रुपए वसूले गए। एच वेस्ट वार्ड (बांद्रा, सांताक्रूज, खार वेस्ट): 96.02 करोड़ रुपए बकाया, अब तक केवल 4.66 करोड़ रुपए की वसूली।

# 'शिवाजी महाराज ने कभी किसी मस्जिद को नहीं तोड़ा'

▸▸ 100 फीसदी धर्मनिरपेक्ष शासक थे शिवाजी महाराज : गडकरी

**निशाना**

**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज सौ फीसदी धर्मनिरपेक्ष शासक थे, जिन्होंने कई युद्ध जीते, लेकिन कभी किसी मस्जिद को नष्ट नहीं किया। केंद्रीय मंत्री का यह बयान ऐसे पर समय आया है, जब महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र को लेकर विवाद चल रहा है। एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के दौरानकेंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि महाराष्ट्र के बाहर कई लोगों के मन में छत्रपति शिवाजी महाराज को लेकर कई तरह की गलतफहमियां हैं। गडकरी ने कहा कि शिवाजी महाराज एक आदर्श शासक, आदर्श पिता थे... वह 100 प्रतिशत धर्मनिरपेक्ष थे।



### 'जाति और धर्म की राजनीति न करें'

उन्होंने यह भी कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब भी कोई बड़ा नेता बनता है, तो वह जाति और धर्म की बात करने लगता है। मैं लोगों को चेतावनी देता हूं कि जाति और धर्म की बात न करें। इस कार्यक्रम में मंत्री ने 'द वाइल्ड वॉरफ्रंट' पुस्तक के अंग्रेजी अनुवाद संस्करण का विमोचन किया। जिसे विश्वास पाटिल ने लिखा है और नदीम खान ने अनुवाद किया है।

# सरकारी जमीन के अतिक्रमण पर नीति बनाएगी सरकार

▸▸ 15 दिनों में रिपोर्ट देगी आठ सदस्यीय समिति

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

प्रदेश के मध्यम और छोटे शहरों में सरकारी जमीन के अतिक्रमण को नियमित करने या उसे किराए पर देकर स्थानीय निकायों की आय बढ़ाने की दिशा में राज्य सरकार व्यापक नीति बनाने जा रही है। इसके तहत संपत्ति कर और विकास निधि के जरिए नगर निकायों के राजस्व में वृद्धि होगी।

राज्य सरकार ने इस नीति को तैयार करने के लिए नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव (2) के एच. गोविंदराज की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय समिति गठित की है। बुधवार को नगर विकास विभाग ने इस संबंध में शासनादेश जारी किया, जिसमें समिति को 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

### अतिक्रमण वाली संपत्ति से राजस्व बढ़ाने की योजना



राज्य सरकार का कहना है कि महानगर पालिकाओं, नगर परिषदों और नगर पंचायतों में कई सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण हुआ है, और वहां रहने वाले लोग संपत्ति कर का भुगतान नहीं करते। यदि इन संपत्तियों को किराए पर दिया जाए, तो स्थानीय निकायों की आय में वृद्धि हो सकती है।

इससे पहले 9 जनवरी 2025 को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में नगर विकास विभाग की बैठक में 100 दिनों की कार्य योजना के प्रारूप को मंजूरी दी गई थी। इस योजना में मध्यम और छोटे शहरों में अतिक्रमण को नियमित करने सहित कई अन्य अहम बिंदु शामिल किए गए हैं।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


# 'रील स्टार' सुरेंद्र पाटिल पर यौन शोषण का आरोप

## • मुंबई हवाई अड्डे पर नौकरी दिलाने का दिया झांसा

**मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज**

**डीबीडी संवाददाता । डोंबिवली**

नासिक की एक 19 वर्षीय लड़की ने ठाकुर्ली के 'रील स्टार' सुरेंद्र पाटिल के खिलाफ यौन शोषण और धमकी की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता की शिकायत पर मानपाड़ा पुलिस स्टेशन ने अत्याचार और शस्त्र निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।



**बंदूक दिखाकर माता-पिता को जान से मारने की धमकी देकर लड़की के साथ दुष्कर्म**

### वीडियो वायरल करने की धमकी

पीड़िता का कहना है कि जब उसने दुबारा मिलने से इंकार किया, तो पाटिल ने आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद, दफ्तर में बुलाकर दुबारा यौन शोषण का प्रयास किया, और चोरी का आरोप लगाकर नंगा कर तलाशी ली।

### पुलिस ने जांच तेज की, गिरफ्तारी जल्द

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय कदबाने के मार्गदर्शन में मामला दर्ज किया गया है और सहायक पुलिस निरीक्षक स्वाति जगताप इसकी जांच कर रही हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी को जल्द हिरासत में लिया जाएगा।

### शिकायत में क्या कहा गया?

पीड़िता के अनुसार, यह घटना 16 फरवरी से 29 मार्च के बीच डोंबिवली पूर्व के दावडी इलाके में हुई। उसने बताया कि इंस्टाग्राम पर मुलाकात के बाद पाटिल ने उसे मुंबई एयरपोर्ट पर नौकरी दिलाने का झांसा दिया और दस्तावेज मंगवाए। इसके बाद पाटिल ने उसे डोंबिवली ले जाकर एक कमरे में बुलाया, जहां उसने अश्लील हरकतें करने की कोशिश की। विरोध करने पर उसने बंदूक दिखाकर धमकी दी और उसके माता-पिता को मारने की धमकी दी।

### पहले से 13 केस दर्ज

डोंबिवली एसीपी सुहास हेमाडे के अनुसार, सुरेंद्र पाटिल पर पहले से ही कोलसेवाड़ी, महात्मा फुले, मानपाडा पुलिस स्टेशन में 13 अपराध दर्ज किए गए हैं, जिनमें पुलिस स्टेशन में बैठकर रील बनाना, लाइसेंसी बंदूक का दुरुपयोग और अपनी रील में बड़ी मात्रा में पैसा दिखाना शामिल है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और आरोपी की गिरफ्तारी जल्द हो सकती है।

### ड्राइवर भी शामिल

शिकायत में कहा गया है कि पाटिल के ड्राइवर ने भी यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# तड़ीपार मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार

## ▸▸ चार लाख से अधिक की गाड़ियां बरामद

**डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर**



तड़ीपार घोषित एक वाहन चोर पुलिस को चकमा देकर उल्हासनगर में बाइक चोरी कर रहा था, लेकिन अंततः सीसीटीवी कैमरे की मदद से पुलिस ने उसे पकड़ लिया। जांच के दौरान आरोपी के पास से 8 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में सुनील विरुमल करिरा ने शिकायत दर्ज करवाई कि उनकी सुजुकी बाइक उनके उल्हासनगर-4 स्थित इमारत की पार्किंग से चोरी हो गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद तड़ीपार आरोपी हितेश मोहन कटेजा को पकड़ लिया।

### 8 बाइक चोरी की कबूली, 4.25 लाख रुपए की कीमत

पुलिस पूछताछ में आरोपी हितेश मोहन कटेजा ने 8 बाइक चोरी करने की बात कबूल की। इन वाहनों की कुल कीमत 4.25 लाख रुपए आंकी गई है। बरामद वाहनों से जुड़े पांच मामले विठ्ठलवाडी पुलिस स्टेशन, एक-एक मामले उल्हासनगर, हिल लाईन तथा मध्यवर्ती पुलिस स्टेशन में दर्ज है।

### एक साल पहले किया गया था तड़ीपार, चोरी जारी रखी

आश्चर्यजनक रूप से हितेश को 24 अप्रैल 2024 को तड़ीपार किया गया था। लेकिन उसने पुलिस से आंख मिचोली खेलते हुए चोरी जारी रखी। पुलिस ने चोरी और तड़ीपार कानून उल्लंघन की धाराओं में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आगे की जांच जारी है।

# टीएमसी ने दिवा में 24 अवैध नल कनेक्शन काटे

## टैंकर फिलिंग स्टेशन जब्त

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**



ठाणे नगर निगम ने दिवा-अगासन क्षेत्र में जल आपूर्ति से जुड़े 24 अनधिकृत नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की है। इसके अलावा, अवैध टैंकर फिलिंग स्टेशन भी जब्त कर बंद कर दिया गया। निगम ने स्पष्ट किया कि अनधिकृत जल कनेक्शनों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। ठाणे नगर निगम आयुक्त सौरभ राव ने अवैध जल आपूर्ति पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे और नगर अभियंता प्रशांत सोनगरा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। 24 अवैध पाइप कनेक्शन काटे गए। एक अनधिकृत टैंकर फिलिंग स्टेशन बंद कर दिया गया। पंप और पाइपलाइन को जब्त किया गया।

### संयुक्त अभियान में कई अधिकारी शामिल

इस कार्रवाई को मुंब्रा-दिवा वार्ड समिति के अतिक्रमण विभाग और जलापूर्ति विभाग ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया। इसमें जोनल उपायुक्त मनीष जोशी, उपायुक्त (अतिक्रमण) शंकर पटोले, उपनगरीय अभियंता विनोद पवार, कार्यकारी अभियंता शशिकांत सालुंके और प्रशांत फिरके मौजूद थे। नगर निगम ने चेतावनी दी है कि अवैध जल कनेक्शनों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# ठाणे महानगरपालिका में ई-ऑफिस प्रणाली शुरू

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

सरकारी कार्यों में पारदर्शिता और गति लाने के लिए ठाणे महानगरपालिका (TMC) में ई-ऑफिस प्रणाली की शुरुआत की गई है। यह डिजिटल प्रणाली सरकारी कामकाज को आसान और प्रभावी बनाएगी, जिससे नागरिकों को शीघ्र सेवाएं मिल सकेंगी।

**सरकारी कार्यों में आएगी पारदर्शिता**



### आयुक्त सौरभ राव ने दी जानकारी

महानगरपालिका आयुक्त सौरभ राव ने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली से प्रस्तावों की प्रक्रिया तेज होगी और किसी भी कार्य में देरी नहीं होगी। महाराष्ट्र सरकार की मिशन हंड्रेड डेज पहल के तहत इसे लागू किया गया है।

### नागरिकों को मिलेगा लाभ

आयुक्त राव ने कहा कि इस प्रणाली से नगर निगम कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान होगा। कामकाज में पारदर्शिता आएगी।

### 1000 से अधिक अधिकारी होंगे शामिल

अपर आयुक्त संदीप मालवी, प्रशांत रोडे, उपायुक्त जी.जी. गोडेपुरे और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के उपायुक्त सचिन सांगले व नितिन डुंबरे के सहयोग से इस प्रणाली को शुरू किया गया है। इस परियोजना में 1000 से अधिक अधिकारी शामिल किए गए हैं।

### कैसे करेगा ई-ऑफिस काम?

अब सभी प्रस्ताव डिजिटल रूप से तैयार कर सीधे कंप्यूटर सिस्टम पर अपलोड किए जाएंगे। प्रत्येक प्रस्ताव को ई-नंबर मिलेगा, जिससे उसकी प्रगति पर नजर रखी जा सकेगी। वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल जानकारी मिलेगी कि प्रस्ताव किस चरण में है। पहले जहां अनुमोदन में कई सप्ताह लगते थे, अब प्रस्ताव 1-2 दिन में संसाधित हो जाएंगे।

# टीएमसी ने पानी के बिलों से वसूले 149 करोड़

## जलदाय विभाग द्वारा की गई सख्त कार्रवाई

- 13,837 उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए गए
- 2,374 मोटर पंप जब्त किए गए
- 676 पंप रूम सील किए गए

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

ठाणे महानगरपालिका (टीएमसी) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में पानी के बिलों से 148.95 करोड़ रुपए की वसूली कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह वसूली पिछले वर्ष की तुलना में 15 करोड़ रुपए अधिक रही। जलदाय विभाग द्वारा की गई सख्त कार्रवाई के चलते अंतिम दिन 7 करोड़ रुपए जमा हुए।




### वसूली का विस्तृत विवरण

ठाणे नगर निगम के बजट प्रावधान के अनुसार, जल उपभोक्ताओं से कुल 225 करोड़ रुपए वसूले जाने थे, जिसमें चालू वर्ष के बिलों के लिए 147 करोड़ रुपए और वर्ष 2024-25 के बकाया के लिए 78 करोड़ रुपए शामिल थे। इस वर्ष चालू बिलों के लिए 94 करोड़ 54 लाख रुपए की वसूली की गई है। इस प्रकार 40 करोड़ 41 लाख रूपये बकाया राशि के रूप में वसूल किये गये हैं। वहीं, मुख्यालय में 14 करोड़ रुपए के बिलों का भुगतान किया जा चुका है। इस वित्तीय वर्ष में कुल 148 करोड़ 95 लाख रूपये की वसूली की गई है।

### सख्त कार्रवाई से बढ़ी वसूली

नगर निगम आयुक्त सौरभ राव के निर्देशानुसार, जलदाय विभाग को अधिक से अधिक वसूली करने के लिए सक्रिय रणनीति अपनाने को कहा गया था। सितंबर 2024 में अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी के मार्गदर्शन में मीटर रीडरों के लिए साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित किए गए और अवैध कनेक्शनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जल आपूर्ति विभाग के अभियंता विनोद पवार के अनुसार, मीटर रीडर, उप अभियंता, वार्ड समिति के कर्मचारी, सहायक आयुक्त और जोन उपायुक्तों के संयुक्त प्रयासों से इस वर्ष पिछले साल की तुलना में 15 करोड़ रुपए अधिक की वसूली संभव हुई।

# भिवंडी में महानगरपालिका ने शुरू की स्मार्ट समाधान प्रणाली

## ▪ लोग अब क्यूआर कोड से कर सकेंगे शिकायत दर्ज

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी निजामपुर सिटी म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन (बीएनसीएमसी) ने एक नई पहल की शुरूआत की है। इसके तहत अब भिवंडी शहर के लोगों को किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज कराने के लिए निगम कार्यालय के चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बीएनसीएमसी ने लोगों के लिए सीधे तौर पर कुशल और अच्छा प्रशासनिक व्यवस्था प्रदान करने के लिए एक नई QR कोड-आधारिक स्मार्ट शिकायत निवारण प्रणाली की शुरूआत की है। इस पहल का उद्देश्य लोगों को अपने घर से ही आसानी से शिकायत दर्ज करने के साथ-साथ अपने शिकायत की प्रगति रिपोर्ट को ट्रैक करना भी है।




### एक नजर इस पहल की मुख्य विशेषताओं पर

वहीं इस मामले में ज्यादा जानकारी के लिए जारी विज्ञाप्ति में बताया गया कि इस स्मार्ट शिकायत निवारण प्रणाली की मुख्य विशेषता है कि इससे शिकायत दर्ज करने में आसानी, उपयोगकर्ता के अनुकूल मंच, एक बार पंजीकरण, व्यवस्थित ट्रैकिंग, और इस प्रणाली की शियाकत को लेकर पूरी तरह से जवाबदेही होगी।

### लोगों को अब निगम कार्यालय जाने की जरूरत नहीं

बीएनसीएमसी के इस नई पहल से अब वहां के लोगों को बिना निगम कार्यालय जाए अपने स्मार्टफोन से कार्यालय द्वारा दिए गए QR कोड को स्कैन करके अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इतना ही नहीं अपने शिकायत के प्रगति रिपोर्ट के रीयल-टाइम में देख सकते हैं। बता दें कि 2025-26 के बजट पेश करते समय, बीएनसीएमसी के प्रशासक और आयुक्त अनमोल सागर ने एक खास वादा किया था। उन्होंने नागरिकों से यह कहा था कि नगर प्रशासन अब ज्यादा पारदर्शी और सक्रिय तरीके से काम करेगा। इस पहल का नाम 'सुकर जीवनमन' दिया गया है।

# साईं टच रेस्टोरेंट पर छापा

## ▪ देह व्यापार से दो युवतियों को छुड़ाया गया

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

ठाणे पुलिस की मानव तस्करी प्रतिबंध इकाई ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवतियों को जबरन देह व्यापार में धकेलने से बचाया और एक महिला दलाल को गिरफ्तार किया। यह छापा 1 अप्रैल को वागले इस्टेट के श्रीनगर इलाके में स्थित साईं टच रेस्टोरेंट में मारा गया।




### पुलिस को मिली थी गुप्त सूचना

ठाणे पुलिस आयुक्तालय के जनसंपर्क अधिकारी, पुलिस निरीक्षक रवींद्र वाणी ने बताया कि वरिष्ठ निरीक्षक चेतना चौधरी को सूचना मिली थी कि दो युवतियों को जबरन वेश्यावृत्ति में धकेला जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए शाम करीब साढ़े तीन बजे रेस्टोरेंट पर छापा मारा और दोनों युवतियों को रिहा कराया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक महिला दलाल को भी गिरफ्तार किया है, जो युवतियों को बहला-फुसलाकर देह व्यापार में धकेलने का काम करती थी। ठाणे पुलिस उपायुक्त अमर सिंह जाधव के मार्गदर्शन में यह पूरी कार्रवाई की गई।

# टीटीसी औद्योगिक क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण पर होगी सख्त कार्रवाई

## उद्योग राज्य मंत्री इंद्रनील नाईक ने एमआईडीसी भूखंडों और अनधिकृत निर्माण स्थलों का किया निरीक्षण

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) के भूखंडों पर हो रहे अनधिकृत निर्माण को लेकर उठे सवालों के बाद उद्योग राज्य मंत्री इंद्रनील नाईक ने स्थल का निरीक्षण किया। विधान परिषद सदस्य धीरज लिंगडे और निरंजन डावखरे ने टीटीसी औद्योगिक क्षेत्र के सर्वे नंबर 97/1 में जारी अनधिकृत निर्माण को लेकर विधानसभा सत्र में यह मुद्दा उठाया था।



### अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

मंगलवार को मंत्री इंद्रनील नाईक ने स्वयं अवैध निर्माण स्थलों का दौरा किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा की। इस दौरान विधान परिषद सदस्य धीरज लिंगडे, निरंजन डावखरे, एमआईडीसी के कार्यकारी अभियंता आर.सी. राठोड, मुख्य अभियंता प्रकाश चव्हाण, क्षेत्रीय अधिकारी महेंद्र पटेल, प्रांत अधिकारी उर्मिला पाटिल, मनपा उपायुक्त मनीष जोशी, तहसीलदार उमेश पाटिल, उप तहसीलदार दिनेश पैठणकर, भूमि अभिलेख और वन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### संयुक्त रूप से होगी कार्रवाई

राज्यमंत्री नाईक ने शील, खरडी, खान कंपाउंड और महापे रोड में एमआईडीसी की जमीन पर हो रहे अनधिकृत निर्माण को लेकर अधिकारियों से चर्चा की और इस पर कानूनी कार्रवाई के विकल्पों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि 'महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल, राजस्व विभाग, वन विभाग, मनपा और भूमि अभिलेख विभाग संयुक्त रूप से अवैध निर्माण की सटीक माप करें, सीमाएं तय करें और जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई करें।'

# आतकोली डंपिंग ग्राउंड को बनाया जाएगा पर्यावरण अनुकूल

## ▪ बांस के जंगल और हरित पौधारोपण की योजना

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

मनपा के आतकोली डंपिंग ग्राउंड स्थल और आसपास के क्षेत्र को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से विकसित किया जाएगा। मनपा आयुक्त सौरभ राव ने बताया कि इस क्षेत्र के मध्य में जगह-जगह स्थानों पर बांस के बगीचे और हरित पौधारोपण किया जायेगा। राज्य सरकार ने भिवंडी के आतकोली परिसर में वैज्ञानिक तरीके से कचरा निपटारा के लिए मनपा को 34 हेक्टेयर जमीन उपलब्ध कराया है। इस स्थल पर ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन मनपा द्वारा किया जा रहा है।



### कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाना चाहिए

आयुक्त राव ने मनपा के सार्वजनिक बांधकाम विभाग को आतकोली डंपिंग ग्राउंड की सुरक्षा दीवार, बांस वन का निर्माण, समतलीकरण आदि बुनियादी ढांचे के कामों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग को सख्त सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मिसाइल रेंज के निकटवर्ती क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को कचरे और कचरा परिवहन की बदबू से परेशानी न हो।आयुक्त राव ने निर्देश दिए कि इस परियोजना के लिए बिजली आपूर्ति हेतु आवश्यक विद्युत लाइन का कार्य भी तेजी से किया जाए।

### 50 करोड़ रुपए की निधि से होगा विकास

राज्य सरकार ने आतकोली स्थित डंपिंग ग्राउंड के विकास के लिए 50 करोड़ रुपए का निधि उपलब्ध कराया है। इसमें सुरक्षा दीवार, सुरक्षा कक्ष, पहुंच मार्ग, 22 एकड़ भूमि का समतलीकरण, बांस का जंगल आदि शामिल है। यह कार्य मनपा सार्वजनिक बांधकाम विभाग करेगा। कुल 22 एकड़ जमीन को समतल किया जाएगा, जिसमें पूरे भूखंड के चारों ओर चार किलोमीटर की सुरक्षात्मक दीवार उसके बगल में ढाई मीटर का बांस का बाग अपशिष्ट छंटाई परियोजना के लिए 12 एकड़ और घास उत्पादन के लिए 10 एकड़ भूमि शामिल है। इसके साथ ही साइट ऑफिस, सुरक्षा कक्ष, शौचालय, 250 मीटर सीवर, 150 किलोमीटर पहुंच मार्ग और समीपवर्ती सीवर का कार्य कराया जाएगा।साथ ही मनपा आयुक्त राव ने यह भी निर्देश दिया गया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किये जाएं।इस निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, उपायुक्त मनीष जोशी, उपनगर अभियंता सुधीर गायकवाड़ व शुभांगी केसवानी, मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रानी शिंदे, कार्यकारी अभियंता भगवान शिंदे व अन्य उपस्थित थे।

# पूर्व नगरसेवक महेश गायकवाड के सहायक को जान से मारने की धमकी

**डीबीडी संवाददाता । कल्याण**

कल्याण पूर्व में राजनीतिक तनाव बढ़ता जा रहा है। भाजपा के पूर्व विधायक गणपत गायकवाड द्वारा शिवसेना के पूर्व नगरसेवक महेश गायकवाड पर गोलीबारी के मामले के बाद, अब महेश गायकवाड के निजी सहायक निलेश रसाळ को जान से मारने की धमकी दी गई है।

### पुलिस में शिकायत दर्ज



### पुलिस में शिकायत, सुरक्षा को लेकर बढ़ी चिंता

निलेश रसाळ ने कोळसेवाडी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इससे पहले भी महेश गायकवाड को अज्ञात लोगों द्वारा धमकी भरे पत्र और संदेश मिले थे।

### 'बहुत दौड़-भाग कर रहे हो, बाहर आकर देखता हूँ'

बुधवार सुबह, जब गणपत गायकवाड को न्यायालय में पेश किया गया था, उसी दौरान निलेश रसाळ को एक अज्ञात हिंदी भाषी व्यक्ति ने फोन कर धमकाया। फोन करने वाले ने कहा, 'क्या तुम महेश गायकवाड की न्यायालयीन कार्यवाही कर रहे हो? मैं बाहर आकर तुम्हें देखता हूँ। बहुत ताकत आ गई है क्या? बाहर आने के बाद तुम्हें मार दूंगा।'

नेवी की तीसरी आंख ने किया कमाल

# आईएनएस तरकश युद्धपोत की मदद से 2500 किलो नारकोटिक्स सीज

- भारतीय नौसेना ने पश्चिमी हिंद महासागर में चलाया ऑपरेशन
- 31 मार्च को जहाजों में संदिग्ध गतिविधि की मिली थी जानकारी
- 2,386 किलोग्राम हशीश और 121 किलोग्राम हेरोइन बरामद



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

भारतीय नौसेना के जंगी युद्धपोत आईएनएस तरकश ने समुद्री सुरक्षा अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। बुधवार को पश्चिमी हिंद महासागर में एक ऑपरेशन के दौरान युद्धपोत की मदद से नौसेना ने 2,500 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ जब्त किए। अधिकारियों ने बयान में बताया कि 31 मार्च को नौसेना को कुछ जहाजों की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी, जिसके बाद मादक पदार्थों को जब्त करने का अभियान शुरू किया गया।

### हेलीकॉप्टर भी तैनात किया

नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि 31 मार्च को नौसेना के पी8आई टोही विमान से संदिग्ध जहाजों की गतिविधियों के इनपुट मिले। इस सूचना के बाद आईएनएस तरकश ने समुद्री परिचालन केंद्र के साथ मिलकर एक संदिग्ध नौका को रोका और तलाशी ली। इस दौरान जहाज ने संदिग्ध नौका की गतिविधियों पर नजर रखने और क्षेत्र में संभावित रूप से संचालित अन्य जहाजों की पहचान करने के लिए अपने हेलीकॉप्टर को भी तैनात किया।

### सीलबंद पैकेट में रखे थे मादक पदार्थ

अधिकारी ने बताया कि मरीन कमांडो के साथ एक विशेषज्ञ टीम नौका पर सवार हो गई और तलाशी के बाद कई सीलबंद पैकेट बरामद हुए। पूछताछ में पता चला कि जहाज पर विभिन्न कार्गो होल्ड और डिब्बों में 2,500 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ (जिसमें 2,386 किलोग्राम हशीश और 121 किलोग्राम हेरोइन शामिल है) रखे हुए थे। प्रवक्ता ने बताया कि संदिग्ध नौका को बाद में आईएनएस तरकश के नियंत्रण में लाया गया और चालक दल के सदस्यों से उनकी कार्यप्रणाली और क्षेत्र में अन्य समान जहाजों की मौजूदगी के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई। बता दें, पिछले साल नवंबर में भी गुजरात के पोरबंदर तट से भारतीय नौसेना,गुजरात एटीएस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने अभियान के तहत 800 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया था।

### जनवरी में युद्धपोत को किया था तैनात

दरअसल, आईएनएस तरकश जनवरी, 2025 से पश्चिमी हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात है। यह जहाज बहरीन स्थित संयुक्त समुद्री बल (सीएमएफ) के तहत काम करने वाले कंबाइंड टास्क फोर्स (सीटीएफ) 150 का हिस्सा है। यह अभियान समुद्री अपराधों पर नकेल कसने और क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत करने की नौसेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## अमरावती जिला कलेक्टर को मिला राजस्व मंत्री का फर्जी लेटरहेड, मामला दर्ज




**मुंबई/अमरावती।** अमरावती जिले के कलेक्टर को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के फर्जी लेटरहेड पर पत्र भेजने का मामला सामने आया है। इस पत्र में मोर्सी के वरिष्ठ लिपिक पर कार्रवाई की मांग की गई थी। पत्र में गड़बड़ी का संदेह होने पर कलेक्टर ने इसकी जानकारी मंत्री के निजी सहायक योगेश कोठेकर को दी। जांच के दौरान पाया गया कि पत्र में इस्तेमाल किया गया लेटरहेड और उस पर किए गए हस्ताक्षर जाली थे। इसके बाद कलेक्टर कार्यालय ने इसकी सूचना योगेश कोठेकर को दी, जिन्होंने बुधवार को गाडगे नगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

### पुलिस कर रही जांच

फर्जी लेटरहेड भेजने वाले अज्ञात व्यक्ति की पहचान के लिए पुलिस जांच कर रही है। इस मामले ने प्रशासनिक हलकों में हलचल मचा दी है, क्योंकि यह कलेक्टर स्तर के अधिकारी को गुमराह करने का गंभीर प्रयास था। पुलिस जल्द ही इस मामले में आगे की कार्रवाई करेगी।

# अपराधी कार्यकर्ताओं को अजीत पवार की सख्त चेतावनी

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने बुधवार को बीड जिले में अपराध में लिप्त कार्यकर्ताओं को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को 'धागे की तरह सीधा' कर दिया जाएगा। बीड जिले में राकांपा एपी की युवा संवाद रैली को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि जिले में कई गिरोह सक्रिय हैं, जिनमें रेत और राख गिरोह शामिल हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि अब इन सभी गिरोहों को सीधा करने का समय आ गया है।

### 'टायर में डालकर पीटने' की बात

अजीत पवार ने अपराध में लिप्त पार्टी कार्यकर्ताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई कार्यकर्ता गंदी हरकतों में लिप्त पाया जाता है और पुलिस की पकड़ में आता है, तो उसे टायर में डालकर पीटने का निर्देश दिया जाएगा।

### प्रवक्ताओं को भी नसीहत

इसके साथ ही पार्टी प्रवक्ताओं को समाज में विभाजन फैलाने वाले बयान न देने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि बयानबाजी पर साइबर क्राइम विभाग की नजर है, और अनर्गल बयान देने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

### समाज में शांति बनाए रखने की अपील

अजीत पवार ने साफ किया कि किसी भी तरह की बदमाशी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से समाज में सद्भाव बनाए रखने और विकास कार्यों पर ध्यान देने की अपील की।

## अबू सलेम की रिहाई याचिका पर हाईकोर्ट सख्त

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने 1993 के मुंबई बम धमाकों के दोषी गैंगस्टर अबू सलेम की समय से पहले रिहाई की याचिका पर केंद्र और महाराष्ट्र सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने दोनों सरकारों को निर्देश दिया है कि वे 16 अप्रैल से पहले अपना हलफनामा दाखिल करें। न्यायमूर्ति सारंग कोतवाल और न्यायमूर्ति श्रीराम मोडक की पीठ ने बुधवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की धीमी कार्रवाई पर नाराजगी जताई। अदालत ने कहा, ₹याचिका में अत्यधिक तत्परता दिखाई गई है, लेकिन राज्य सरकार ने अब तक हलफनामा दाखिल नहीं किया। हमने 21 दिन पहले समय दिया था, फिर भी कोई जवाब नहीं आया।अबू सलेम ने अपनी याचिका में विशेष टाडा अदालत के 10 दिसंबर 2024 के फैसले को चुनौती दी है।

# मनसे के कार्यकर्ताओं को फडणवीस की चेतावनी



"मराठी के लिए आंदोलन करना गलत नहीं है। सरकार भी मानती है कि मराठी का अधिक से अधिक उपयोग किया जाना चाहिए। लेकिन यदि कोई कानून अपने हाथ में लेता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
**-देवेंद्र फडणवीस,** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

### कानून हाथ में लेने पर होगी कार्रवाई


डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि राज्य में मराठी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए आंदोलन करना गलत नहीं है, लेकिन इसे कानून के दायरे में रहकर ही किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति या संगठन कानून को अपने हाथ में लेता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

### MNS कार्यकर्ताओं ने सुरक्षा गार्ड पर किया था हमला

मुख्यमंत्री का यह बयान उस घटना के बाद आया है, जिसमें कथित तौर पर मराठी भाषा का अपमान करने के आरोप में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) के कार्यकर्ताओं ने एक सुरक्षा गार्ड पर हमला कर दिया था। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें गार्ड पर मराठी भाषा का अपमान करने का आरोप लगाया गया था, जिसके बाद मारपीट की गई।

## 'जमानत देते समय अपराध की गंभीरता पर विचार जरूरी'



### यौन उत्पीड़न मामले पर बॉम्बे हाई कोर्ट की सख्त टिप्पणी

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक नाबालिग छात्रा के यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार स्कूल बस ड्राइवर को जमानत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह अपराध ₹गंभीर, गंभीर और जघन्य₹ है। न्यायमूर्ति माधव जामदार की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई शीघ्र पूरी करने का भी निर्देश दिया। न्यायमूर्ति जामदार ने कहा कि आरोपी को बच्चों को सुरक्षित रूप से स्कूल लाने-ले जाने का काम सौंपा गया था। ड्राइवर ने बच्ची का सुनसान जगह पर यौन उत्पीड़न किया। यह गंभीर और जघन्य अपराध है। पीठ ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दिया।

### जमानत को लेकर कोर्ट ने की महत्वपूर्ण टिप्पणी

अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी ने कक्षा 2 की छात्रा का यौन उत्पीड़न किया था। आरोपी ने यह कहते हुए जमानत मांगी कि वह मार्च 2023 से जेल में है और दोषी पाए जाने पर उसे दी जाने वाली अधिकतम सजा का एक तिहाई हिस्सा वह पूरा कर चुका है। न्यायमूर्ति जामदार ने कहा कि लंबी कैद के आधार पर जमानत देते समय भी अदालत को किए गए अपराध की प्रकृति और गंभीरता पर विचार करना होगा। कोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री से स्पष्ट रूप से पता चलता है कि आवेदक आरोपी एक बहुत ही गंभीर और जघन्य अपराध में शामिल है, जहां आठ साल की बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न किया गया है।

# 'गजनी सिंड्रोम से पीड़ित है अजित पवार'

## हर्षवर्धन सपकाल ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार पर कसा तंज

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान महायुति गठबंधन ने किसानों और महिलाओं से कई वादे किए थे, लेकिन अब उन्हें पूरा करने से मुकर रही है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा फसल ऋण माफी से इनकार करने पर कांग्रेस ने सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि भाजपा नीत गठबंधन ₹गजनी सिंड्रोम₹ से ग्रस्त है।



### वादा किया, अब याद नहीं?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने बुधवार को कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान किसानों की ऋण माफी और महिलाओं को 2,100 रुपये भत्ता देने का वादा किया गया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद सरकार अपने वादे भूल गई। उन्होंने कहा, ₹अगर ट्रिपल इंजन सरकार में थोड़ी भी विश्वसनीयता बची है, तो उसे केंद्र से विशेष पैकेज लेना चाहिए और किसानों के कर्ज माफ करने चाहिए।

### अचानक बदला रुख

सपकाल ने महायुति नेताओं की याददाश्त पर तंज कसते हुए 2008 की फिल्म गजनी का जिक्र किया, जिसमें नायक अपनी पुरानी बातें भूल जाता है। उन्होंने कहा कि महायुति ने किसानों से किए गए वादों को भुला दिया है और अब वित्तीय संकट का बहाना बना रही है।

### किसानों को कर्ज चुकाने का आदेश, विरोध में कांग्रेस

अजित पवार ने हाल ही में कहा था कि महाराष्ट्र की वित्तीय स्थिति फसल ऋण माफी की अनुमति नहीं देती, इसलिए किसानों को समय पर किस्तों का भुगतान करना चाहिए। इस पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई और कहा कि ₹31 मार्च से पहले ऋण चुकाने का आदेश किसानों पर अन्याय है।₹


### बजट सत्र में कोई बड़ा फैसला नहीं, सिर्फ भाषणबाजी

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि ₹बजट सत्र बिना कोई ठोस निर्णय लिए समाप्त हो गया। सरकार ने किसानों और जनता के बुनियादी मुद्दों की जगह औरंगजेब की कब्र जैसे विवादित मुद्दों को तूल दिया।₹

# पुलिस ने कॉमेडियन कुणाल कामरा को भेजा तीसरा समन

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर व्यंग्य गीत मामले में मुंबई पुलिस ने कॉमेडियन कुणाल कामरा को तीसरा समन जारी किया है। पुलिस ने उन्हें 5 अप्रैल को खार पुलिस स्टेशन में पेश होने का निर्देश दिया है। इससे पहले, कामरा को दो बार समन भेजा गया था, लेकिन वह पेश नहीं हुए थे।



### क्या है मामला?

पिछले महीने खार के एक होटल में आयोजित स्टैंड-अप कॉमेडी शो में कुणाल कामरा ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर एक व्यंग्य गीत प्रस्तुत किया था। इसको लेकर खार पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई।

### श्रोताओं को भी समन भेजे गए

इस मामले में पुलिस ने न सिर्फ कुणाल कामरा बल्कि शो में मौजूद श्रोताओं को भी समन भेजा और उनके बयान दर्ज किए। श्रोताओं में शामिल मुंबई के एक बैंकर को भी पूछताछ के लिए नोटिस भेजा गया, जिसके कारण उन्हें तमिलनाडु और केरल के दौरे से वापस लौटना पड़ा। इस पर कुणाल कामरा ने ट्वीट कर बैंकर से माफी मांगी और उसे एक ट्रिप का आयोजन करने का वादा किया।

### वरुण ग्रोवर ने किया समर्थन

बॉलीवुड पटकथा लेखक और गीतकार वरुण ग्रोवर ने कुणाल कामरा का समर्थन किया है। उन्होंने श्रोताओं से की जा रही पुलिस की पूछताछ की आलोचना करते हुए कहा कि पुलिस को दर्शकों को समन भेजने के बजाय खुद शो में शामिल होकर निर्णय लेना चाहिए।

## एम.टी. अग्रवाल अस्पताल के निजीकरण के खिलाफ मविआ का विरोध प्रदर्शन

**मुंबई।** मुलुंड पश्चिम स्थित एम.टी. अग्रवाल अस्पताल के निजीकरण को रोकने की मांग को लेकर महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (मविआ) के घटक दलों ने मनपा टी विभाग तक मोर्चा निकाला। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रवक्ता राकेश शेट्टी ने किया। इस मोर्चे में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) और शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान राकांपा के मुलुंड तालुका अध्यक्ष एडवोकेट अमित सुरेश पाटिल, शिवसेना उपविभाग प्रमुख सीता राम खांडेकर, शाखाप्रमुख राजेश साळी, कांग्रेस नेता डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह, संतोष सोनावणे और राकांपा महिला नेता पुष्पा सकरी समेत अन्य नेताओं ने निजीकरण का विरोध करते हुए सरकार और मनपा प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

# युवक ने पेट्रोल डालकर महिला के घर में लगा दी आग

### गली में कुर्सी लगाकर बैठने पर हुआ था विवाद

**मुंबई।** बोरीवली इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक मामूली झगड़े के बाद एक शख्स ने महिला के घर में आग लगा दी। यह घटना 31 मार्च की रात करीब 11 बजे बोरीवली पश्चिम के भीम नगर गली नंबर 5 में हुई। जानकारी के मुताबिक, विशाल उधमले नाम का युवक गली में बीच सड़क कुर्सी लगाकर बैठा था, जिससे आने-जाने वालों को दिक्कत हो रही थी। लक्ष्मी बॉन्तला नाम की महिला ने उसे कुर्सी हटाने को कहा, जिस पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई और बात गाली-गलौज तक पहुंच गई।

### युवक ने महिला के घर में आग लगाई



गुस्साए विशाल ने 1 अप्रैल को रात 2:30 बजे पेट्रोल लाकर लक्ष्मी के घर पर छिड़का और आग लगा दी। गनीमत यह रही कि घटना के समय लक्ष्मी घर के अंदर नहीं थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। यह पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई, जिसमें विशाल को घर जलाते हुए साफ देखा जा सकता है। विशाल सिर्फ यहीं नहीं रुका, बल्कि उसने गली के अन्य लोगों को भी धमकाया कि अगर किसी ने पुलिस में शिकायत की तो उसका अंजाम बुरा होगा।

### पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

लक्ष्मी की शिकायत के बाद पुलिस ने विशाल को गिरफ्तार कर लिया और भारतीय दंड संहिता की धारा 79, 351(2), 115(2), 131 के तहत मामला दर्ज किया गया है, पुलिस आगे की जांच में जुटी है।

सरपंच हत्याकांड

## आरोपी को बीड़ जेल में विशेष सुविधाओं का आरोप

### विधायक सुरेश धस ने की जेल स्थानांतरण की मांग

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

भाजपा विधायक सुरेश धस ने सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड के मुख्य आरोपी को बीड़ जेल में विशेष सुविधाएं मिलने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने प्रशासन से आरोपी को किसी अन्य जेल में स्थानांतरित करने की मांग की है। गौरतलब है कि पिछले साल सरपंच संतोष देशमुख की हत्या कर दी गई थी, जिसमें एनसीपी नेता के सहयोगी सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले को लेकर पहले भी राजनीतिक हलकों में विवाद हो चुका है।



### विधायक ने लगाए गंभीर आरोप

- बीड़ जिले की जिला योजना समिति की बैठक में विधायक सुरेश धस ने आरोप लगाया कि आरोपी को जेल में वातानुकूलित कक्ष, विशेष भोजन और मोबाइल फोन पर बातचीत की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने इसे कानून के साथ खिलवाड़ बताते हुए मांग की कि आरोपी को तुरंत बीड़ जेल से किसी अन्य जेल में शिफ्ट किया जाए।

### प्रशासन से की कड़ी कार्रवाई की मांग

- विधायक धस ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि जेल में इस प्रकार की विशेष सुविधाओं की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। इस मामले में अब सरकार और प्रशासन की क्या प्रतिक्रिया आती है, इस पर सभी की नजरें टिकी हैं।

**पश्चिम रेलवे**

**ओएचई कार्य**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (उप), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400 008. **ई-निविदा सूचना संख्याः WR-MMCTOESUB (ESOT)/13/2025** आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नामः** यूपीएल और यूपीटीएच लाइन पर टीआरआर (पी)-17.219 टीकेएम और टीएसआर (पी)-63.968 टीकेएम, डीएनएल, डीएनएचएच और एसटीए लाइन पर टीआरआर (पी)-7.429 टीकेएम और टीएसआर (पी)-65.094 टीकेएम के संबंध में ओएचई कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः** 2,54,76,967/- रु. **बोली सुरक्षाः** 2,77,400/- रु. **प्रस्तुत करने की तिथि और समयः** निर्धारित तरीके से 30.04.2025 को 15:00 बजे के बाद नहीं। **खुलने की तिथि और समयः** 30.04.2025 को 15:30 बजे। वेबसाइट विवरणः निविदा को वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से देखा और प्रस्तुत किया जा सकता है।

1257

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




## संपादकीय

# जल-थल में प्लास्टिक

तमाम नये राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय शोध-सर्वेक्षण चेतावनी दे रहे हैं कि हमारी सांसों, पेयजल व फसलों में घातक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी है। विश्व की कई शोध पत्रिकाओं में छपे शोध-लेख समय-समय पर विभिन्न अध्ययनों के चेताने वाले निष्कर्ष प्रकाशित करते रहते हैं। यह बात अलग है कि कई निष्कर्षों को लेकर विदेशी बाजार व कारोबारियों के लक्ष्य भी होते हैं। चिंता की बात यह भी है कि विकासशील देशों में सरकारें रोटी, कपड़ा व मकान जैसी मूलभूत सुविधाओं के जुगाड़ में लगे रहने और गरीबी की समस्या से जूझते हुए, स्वास्थ्य के उन उच्च गुणवत्ता मानकों को वरीयता नहीं दे पाती, जो अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप हों। ऐसा ही एक अध्ययन जर्मन ब्रिटिश अकादमिक कंपनी स्प्रिंग नेचर द्वारा एक पर्यावरण विषयक पत्रिका में प्रकाशित किया गया है। वैसे तो एक खास वर्ग ही बोतलबंद पानी का उपयोग करता है, लेकिन पानी के अन्य स्रोतों का भी गंभीर अध्ययन किया जाना चाहिये। इसमें सरकारी जल आपूर्ति को भी शामिल करना जरूरी है। हमारे जीवन में जहर घोल रहे माइक्रोप्लास्टिक के हवा व पेड़-पौधों पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर भी कई अध्ययन सामने आए हैं। प्रदूषण के कारण प्लास्टिक कण हमारी जीवन प्रत्याशा को घटा रहे हैं और कैंसर जैसे कई घातक रोग साथ में दे रहे हैं। विडंबना देखिये न तो सरकारें इस गंभीर संकट के प्रति सचेत हैं और न ही अपने स्वास्थ्य के प्रति जनता जागरूक है। वहीं मुफ्त की रेवड़ियों की आस रखने वाले मतदाता इस गंभीर संकट को चुनावी मुद्दा बनाने की बात कभी नहीं करते। संकट तो यहां तक बढ़ गया है कि प्लास्टिक के कण पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित करने लगे हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला में शामिल कई खाद्यान्नों की उत्पादकता में गिरावट आ रही है। ऐसा निष्कर्ष अमेरिका-जर्मनी समेत कई देशों के साझे अध्ययन के बाद सामने आया है। दरअसल, प्लास्टिक कणों के हस्तक्षेप के चलते पौधों के भोजन सृजन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस तरह माइक्रोप्लास्टिक की दखल भोजन, हवा व पानी में होना मानव अस्तित्व के लिये गंभीर खतरे की घंटी ही है। जिसे बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि देश में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रतिबंध के बावजूद ये खुलेआम बिक क्यों रहा है? दुकानदारों व उपभोक्ताओं को तो इसके उपयोग पर दंडित करने का प्रावधान है, लेकिन सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादित करने वाले उद्योगों पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया जाता? संकट का एक पहलू यह भी है कि लोग सुविधा को प्राथमिकता देते हैं,लेकिन प्लास्टिक के दूरगामी घातक प्रभावों को लेकर आंख मूंद लेते हैं। यह संकट हमारी जिम्मेदार नागरिक के रूप में भूमिका की जरूरत भी बताता है।

## शख्सियत — सैम मानेकशॉ

# भारत के वीर सेनानायक



फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ भारतीय सेना के पहले फील्ड मार्शल और 1971 के भारत-पाक युद्ध के नायक थे। उनका जन्म 3 अप्रैल 1914 को अमृतसर में हुआ था। वे अपनी बेहतरीन सैन्य रणनीति और निर्भीक नेतृत्व के लिए प्रसिद्ध थे। उनके नेतृत्व में भारत ने मात्र 13 दिनों में पाकिस्तान को हराया, जिससे बांग्लादेश एक स्वतंत्र राष्ट्र बना। 1 जनवरी 1973 को उन्हें 'फील्ड मार्शल' की उपाधि दी गई। 27 जून 2008 को उनका निधन हुआ, लेकिन वे आज भी भारतीय सैन्य इतिहास में एक महान योद्धा और प्रेरणा के रूप में याद किए जाते हैं।

फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ भारतीय सेना के उन चंद योद्धाओं में से एक थे, जिनकी रणनीतिक सूझबूझ और निर्भीक नेतृत्व ने भारत को सैन्य इतिहास में गौरव दिलाया। उनकी विशेषता केवल उनके युद्ध कौशल तक सीमित नहीं थी, बल्कि वे अपने स्पष्ट विचारों और चुटीले व्यंग्य के लिए भी प्रसिद्ध थे। वे निडर निर्णय लेने वाले सेनापति थे, जो अपने जवानों का मनोबल बढ़ाने में माहिर थे। उनके नेतृत्व में भारतीय सेना ने न केवल 1971 के युद्ध में पाकिस्तान को हराया, बल्कि देश की सैन्य शक्ति का नया अध्याय भी लिखा।सैम मानेकशॉ का सैन्य करियर चार दशकों तक फैला रहा, जिसमें उन्होंने पांच युद्धों में भाग लिया द्वितीय विश्व युद्ध, 1947-48 का भारत-पाक युद्ध, 1962 का भारत-चीन युद्ध, 1965 का भारत-पाक युद्ध और 1971 का भारत-पाक युद्ध। उन्होंने हर चुनौती का सामना आत्मविश्वास और धैर्य के साथ किया। 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान, जब भारतीय सेना को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, तब भी उन्होंने अपनी सूझबूझ और अनुभव से स्थिति को संभालने का प्रयास किया। हालांकि, 1971 के युद्ध में उनकी रणनीतिक योजना और सैनिकों के प्रति उनके नेतृत्व ने उन्हें एक महान सैन्य नायक बना दिया। उनकी शख्सियत केवल एक कुशल सैन्य अधिकारी की नहीं थी, बल्कि वे अपने अधिकारियों और सैनिकों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखते थे। वे हमेशा अपने सैनिकों की भलाई और सुरक्षा को प्राथमिकता देते थे। उनके नेतृत्व में भारतीय सेना ने न केवल युद्ध के मैदान में विजय प्राप्त की, बल्कि अनुशासन और नैतिकता की मिसाल भी कायम की। वे सैनिकों से हमेशा कहते थे, यदि कोई व्यक्ति कहता है कि उसे डर नहीं लगता, तो वह या तो झूठ बोल रहा है या वह गोरखा सैनिक है। यह कथन उनकी सेना के प्रति प्रतिबद्धता और वीरता की भावना को दर्शाता है।

### वीरता और नेतृत्व की अमर विरासत

मानेकशॉ ने तमिलनाडु के वेलिंगटन में एक शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत किया। 27 जून 2008 को 94 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। उनके निधन के पश्चात् भी उनका योगदान और वीरता भारतीय सेना तथा देशभक्तों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रही। उनके जीवन के अद्वितीय संघर्ष, निडर नेतृत्व और देश के प्रति अटूट समर्पण को हमेशा याद किया जाएगा, और उनका नाम भारतीय सैन्य इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ न केवल एक महान योद्धा थे, बल्कि एक सच्चे देशभक्त और प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी थे। उनकी नेतृत्व क्षमता, निर्भीकता और रणनीतिक सोच ने भारत को एक ऐतिहासिक जीत दिलाई। उनका नाम भारतीय सैन्य इतिहास में हमेशा स्वर्ण अक्षरों में लिखा रहेगा।

# अंतरिक्ष मिशनों के लिए नये ऊर्जा विकल्प



डॉ. शशांक द्विवेदी

अंतरिक्ष में सेटेलाइट्स को निर्बाध ऊर्जा प्रदान करने में कई चुनौतियां होती हैं। अधिकतर सेटेलाइट्स सौर पैनलों से ऊर्जा प्राप्त करते हैं, लेकिन जब वे पृथ्वी की छाया में आते हैं तो उन्हें ऊर्जा नहीं मिल पाती। यह समस्या पृथ्वी के चारों ओर घूमने वाले लो-अर्थ ऑर्बिट सेटेलाइट्स में अधिक होती है, क्योंकि वे बार-बार छाया में आते हैं। अंतरिक्ष में सेटेलाइट्स की उम्र बढ़ाने, उन्हें निर्बाध ऊर्जा प्रदान करने, उनके भार में कमी लाने और स्वच्छ ऊर्जा स्रोत प्रदान करने के उद्देश्य से विज्ञानी अब कोल्ड फ्यूजन तकनीक पर काम कर रहे हैं। हैदराबाद स्थित स्टार्ट-अप 'हाइलेनर टेक्नोलॉजीज' जल्द ही अंतरिक्ष में बिजली उत्पन्न करने के लिए इस तकनीक का प्रदर्शन करने की योजना बना रहा है। इसका उद्देश्य पृथ्वी की कक्षा में सेटेलाइट्स के जीवन को बढ़ाना और उनका वजन कम करना है। साथ ही अंतरिक्ष में लंबी अवधि के मिशन को सक्षम बनाने और अन्य ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करने का इसका उद्देश्य है। कोल्ड फ्यूजन तकनीक, जिसे सामान्यतः 'लो-एनर्जी न्यूक्लियर रिएक्शन' के रूप में भी जाना जाता है, एक ऐसी अवधारणा है जो परमाणु संलयन को कम तापमान और दबाव पर संभव बनाने का दावा करती है। अगर यह तकनीक व्यावहारिक रूप से लागू हो सके, तो यह सैटेलाइट्स के लिए ऊर्जा उत्पादन में क्रांति ला सकती है। वर्तमान में सैटेलाइट्स मुख्य रूप से सौर ऊर्जा या रेडियोएक्टिव थर्मल जनरेटर पर निर्भर करते हैं, लेकिन इनकी सीमाएं हैं—सौर पैनल सूरज की रोशनी पर निर्भर करते हैं और आरटीजीएस की ऊर्जा धीरे-धीरे कम होती जाती है। कोल्ड फ्यूजन के जरिए अगर एक छोटा, हल्का और लंबे समय तक चलने वाला ऊर्जा स्रोत बनाया जा सके, तो सैटेलाइट्स का जीवनकाल बढ़ सकता है। यह तकनीक ईंधन की जरूरत को कम कर सकती है और अंतरिक्ष मिशनों को अधिक कुशल बना सकती है।


कोल्ड फ्यूज़न का विचार पहली बार 1989 में वैज्ञानिकों मार्टिन फ्लाइशमैन और स्टैनली पॉन्स द्वारा प्रस्तुत किया गया था। उन्होंने एक साधारण प्रयोगशाला प्रयोग में ड्यूटेरियम (हाइड्रोजन का एक समस्थानिक) को पैलेडियम धातु में संलयन करके अतिरिक्त ऊष्मा उत्पन्न की। हालांकि, उनके प्रयोग को दोहराने की कोशिश करने वाले कई वैज्ञानिक असफल रहे, जिसके कारण इस दावे पर संदेह बढ़ गया। पारंपरिक परमाणु संलयन में, हाइड्रोजन के समस्थानिक जैसे ड्यूटेरियम और ट्रिटियम को अत्यधिक उच्च तापमान पर एक साथ लाया जाता है ताकि उनके बीच का कूलम्ब बैरियर पार हो सके। यह बैरियर दो धनात्मक आवेशित नाभिकों के बीच उत्पन्न होने वाली प्रतिकर्षण शक्ति है। कोल्ड फ्यूज़न में, यह प्रक्रिया बिना उच्च तापमान के, सामान्य परिस्थितियों में हो सकती है। हाइलेनर टेक्नोलॉजी ने कम ऊर्जा वाले परमाणु रिएक्टर (एलईएनआर) का परीक्षण करने के लिए एक अन्य नवोदित फर्म टेकमी2स्पेस सेटेलाइट्स के साथ समझौता किया है। एलईएनआर बिजली उत्पन्न करने के लिए हाइड्रोजन फ्यूजन का उपयोग करता है। कोल्ड फ्यूजन की अनूठी विशेषता यह है कि यह फ्यूजन रिएक्शन के लिए खपत की गई बिजली के मुकाबले अधिक बिजली उत्पन्न करता है। हाइलेनर टेक्नोलाजीज के संस्थापक और सीईओ सिद्धार्थ दुराइराजन ने बताया, 'प्रत्येक 100 वाट की इनपुट ऊर्जा के लिए एलईएनआर 178 वाट की आउटपुट थर्मल ऊर्जा उत्पन्न करता है।' उनका कहना कि परीक्षण एवं प्रक्षेपण के लिए कंपनी ने स्काईरूट और इसरो के छोटे उपग्रह प्रक्षेपण यान और ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) बुक किया है। गौरतलब है कि टेकमी2स्पेस अंतरिक्ष में कंप्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहा है। इसका उपयोग अंतरिक्ष में डाटा केंद्रों को संचालित करने के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'क्यूबसैट पर ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) बहुत अधिक गर्मी उत्पन्न करते हैं। हम उस गर्मी का दोहन करने और इसे सेटेलाइट में उपयोग करने योग्य ऊर्जा के रूप में परिवर्तित करने का प्रयास कर रहे हैं। इससे अंतरिक्ष में लंबी अवधि के मिशन और आफ-ग्रिड बिजली समाधानों के लिए नई संभावनाएं खुल सकती हैं।'टेकमी2स्पेस के अनुसार उनकी कंपनी एलईएनआर सहित कई ऊर्जा प्रौद्योगिकियों की तलाश कर रही है ताकि कंप्यूट-केंद्रित सेटेलाइट्स में गर्मी निष्कर्षण और संभावित पुनः उपयोग के लिए प्रभावी तरीकों का आकलन किया जा सके। हाइलेनर के पास अपनी कम ऊर्जा परमाणु रिएक्टर तकनीक के लिए सरकार से प्राप्त पेटेंट है। यह तकनीक अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के लिए गर्मी पैदा करने, कई अनुप्रयोगों के लिए भाप उत्पादन, वैश्विक स्तर पर ठंडे क्षेत्रों में कमरे को गर्म करने और घरेलू एवं औद्योगिक आवश्यकताओं के लिए प्रेरण (इंडक्शन) हीटिंग के लिए इनपुट इलेक्ट्रिसिटी में वृद्धि करती है। उल्लेखनीय है कि सौर पैनल, बैटरी और अन्य उपकरणों की मदद से बिजली के उपभोग की वजह से किसी भी सेटेलाइट का भार 40-60 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। हाइलेनर का कोल्ड फ्यूजन डिवाइस और टेकमी2स्पेस का आफ-ग्रिड बिजली समाधान अंतरिक्ष में सेटेलाइट्स को बिजली समाधान प्रदान करने तथा अंतरिक्ष में लंबी अवधि के मिशन का प्रयास कर रहा है। यदि कोल्ड फ्यूज़न वास्तव में संभव हो सका, तो यह ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में एक क्रांति ला सकता है, क्योंकि यह स्वच्छ, सस्ता और असीमित ऊर्जा स्रोत प्रदान करेगा।

## जीवन मंत्र

# कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं

कड़ी मेहनत वह जादुई कुंजी है जो व्यक्ति को सफलता के दरवाजे तक पहुंचाती है। बिना मेहनत के जीवन में कोई भी उपलब्धि संभव नहीं है। जब हम किसी लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर प्रयास करते हैं, तो रास्ते में कई चुनौतियां आती हैं, लेकिन मेहनत करने वाला व्यक्ति इन चुनौतियों से घबराता नहीं, बल्कि उन्हें पार करके आगे बढ़ता है।

लोग अक्सर भाग्य और परिस्थितियों को सफलता का कारण मानते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि भाग्य भी उन्हीं का साथ देता है जो मेहनत में विश्वास रखते हैं। अगर किसी को अपने जीवन में कुछ बड़ा हासिल करना है, तो उसे कठिन परिश्रम करना ही पड़ेगा, क्योंकि मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इतिहास में जितने भी महान व्यक्तित्व हुए हैं, उनकी सफलता के पीछे उनकी अथक मेहनत ही थी। थॉमस एडिसन ने बल्ब के आविष्कार के लिए हजारों प्रयोग किए और हर बार असफल होने पर भी उन्होंने हार नहीं मानी। सचिन तेंदुलकर ने क्रिकेट में सफलता पाने के लिए अनगिनत घंटे अभ्यास किया। अब्दुल कलाम का जीवन संघर्षों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने कभी मेहनत करना नहीं छोड़ा और भारत को एक मजबूत वैज्ञानिक दृष्टि दी। ये सभी उदाहरण इस बात को साबित करते हैं कि यदि व्यक्ति निरंतर प्रयास करता रहे, तो असंभव भी संभव हो सकता है। मेहनत से ही व्यक्ति अपनी सीमाओं को पार कर सकता है और खुद को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा



सकता है। कड़ी मेहनत का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह व्यक्ति को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाती है। जब कोई व्यक्ति अपनी मेहनत से कुछ हासिल करता है, तो उसे आत्मसंतोष और गर्व होता है। जिससे वह जीवन की हर चुनौती का सामना कर सकता है। वहीं, जो लोग मेहनत से बचते हैं, वे जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते और अक्सर असफलता और पछतावे का शिकार हो जाते हैं। इसलिए, यदि हमें अपने सपनों को सच करना है और अपने जीवन को सार्थक बनाना है। यही एकमात्र मार्ग है जो सफलता की ओर ले जाता है, क्योंकि कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं। कहा जाता है कि हर सफल व्यक्ति के पीछे उसकी कड़ी मेहनत और संघर्ष होता है । जिस तरह बिना भटके मंजिल नहीं मिली, ठीक उसी प्रकार बिना परिश्रम लक्ष्या और बिना संघर्ष सफलता नहीं हासिल होती है । जीवन में वही व्यक्ति सफल होते हैं, जो आपने लक्ष्य के प्रति सतत कार्यरत रहते हैं । हर व्यक्ति जीवन में सफल बनना चाहता है और हर किसी का अपना लक्ष्य होता है. इसे पाने का प्रयास केवल और केवल आपको ही करना है । इस बात को गांठ बांध लें क्योंकि भोजन यदि थाली में परोस भी दिया जाए तो भी खाना आपको ही है ठीक इसी तरह सफलता के ज्ञान और मूलमंत्र को जान आपको इसे अपने जीवन में ढालने की जरूरत है, तभी आप अपने लक्ष्य तक पहुंच पाएंगे ।

## जीवन ऊर्जा

स्वामीनारायण : जन्म 3 अप्रैल 1781 — जन्म

# नम्रता मनुष्य का सबसे बड़ा आभूषण है

स्वामीनारायण, जिन्हें सहजानंद स्वामी के नाम से भी जाना जाता है, एक महान योगी, संत और समाज सुधारक थे। उनका जन्म 3 अप्रैल 1781 को उत्तर प्रदेश के छपिया गांव में हुआ था। मात्र 11 वर्ष की आयु में उन्होंने अपने परिवार को त्याग दिया और कठिन तपस्या एवं यात्राएँ करते हुए संन्यास ग्रहण किया। समाज में नैतिकता, भक्ति और सत्संग का प्रचार करते हुए उन्होंने स्वामीनारायण संप्रदाय की स्थापना की। 1 जून 1830 को गुजरात के गढ़ड़ा में उनका निधन हुआ।

धर्म एक ऐसा वृक्ष है, जिसकी जड़ सत्य है, शाखाएँ करुणा हैं, और फल शांति है। सत्य, करुणा और शांति ही धर्म के मूल आधार हैं। मनुष्य को सदा सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलना चाहिए, यही ईश्वर की सच्ची भक्ति है। सत्य और अहिंसा को अपनाने वाला व्यक्ति ईश्वर के करीब होता है। जो व्यक्ति संतोषी है, वही सच्चा सुखी है। असली सुख संतोष में ही है, न कि बाहरी चीजों में। जिसके जीवन में संयम और सदाचार है, वही सच्चा धार्मिक व्यक्ति है।

धर्म केवल पूजा-पाठ में नहीं, बल्कि आचरण में होना चाहिए। सच्चा भक्त वही है जो अपने आचरण से दूसरों को प्रेरित करे। भक्ति का प्रभाव




दूसरों के जीवन में दिखना चाहिए। मनुष्य को अपने कर्तव्य से कभी पीछे नहीं हटना चाहिए। कर्तव्यपालन ही जीवन का सबसे बड़ा धर्म है। धर्म का पालन करना सरल नहीं, लेकिन जो इसे निभाता है, वही महान बनता है। धार्मिक आचरण कठिन है, लेकिन इसका परिणाम अद्भुत होता है।संतों की संगति मन को शुद्ध और आत्मा को निर्मल बनाती है। अच्छे लोगों के साथ रहने से जीवन में सकारात्मकता आती है। परमार्थ ही जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य होना चाहिए। निःस्वार्थ सेवा ही जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य होना चाहिए। जो दूसरों की भलाई करता है, ईश्वर उसकी भलाई स्वयं करते हैं। परोपकार करने वाला व्यक्ति ईश्वर के आशीर्वाद का पात्र बनता है। ईश्वर के प्रति सच्ची भक्ति वही है, जो मन, वचन और कर्म से की जाए। सच्ची भक्ति केवल शब्दों में नहीं, बल्कि कर्मों में भी होनी चाहिए। अहंकार का नाश ही सच्ची भक्ति की शुरुआत है। जब अहंकार खत्म होता है, तब ही सच्ची भक्ति शुरू होती है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# गुरुमंत्र का प्रभाव जीवन में कैसे पड़ता है

गुरुमंत्र का प्रभाव जीवन में कैसे पढता है स्कन्द पुराण के ब्रह्मोत्तर खण्ड में कथा आती है काशी नरेश की कन्या कलावती के साथ मथुरा के दाशार्ह नामक राजा का विवाह हुआ विवाह के बाद राजा ने अपनी पत्नी को अपने पलंग पर बुलाया परंतु पत्नी ने इन्कार कर दिया तब राजा ने बलप्रयोग की धमकी दी पत्नी ने कहा स्त्री के साथ संसार व्यवहार करना हो तो बलप्रयोग नहीं स्नेह प्रयोग करना चाहिए। नाथ मै आपकी पत्नी हूँ फिर भी आप मेरे साथ बलप्रयोग करके संसार व्यवहार न करें आखिर वह राजा थापत्नी की बात सुनी-अनसुनी करके नजदीक गया ज्यों ही उसने पत्नी का स्पर्श किया त्यों ही उसके शरीर में विद्युत जैसा करंट लगा उसका स्पर्श करते ही राजा का अंग-अंग जलने लगा वह दूर हटा और बोला क्या बात है तुम इतनी सुन्दर और कोमल हो फिर भी तुम्हारे शरीर के स्पर्श से मुझे जलन होने लगी पत्नी नाथ मैंने बाल्य काल में दुर्वासा ऋषि से शिवमंत्र लिया थावह जपने से मेरी सात्त्विक ऊर्जा का विकास हुआ है। जैसे अँधेरी रात और दोपहर एक साथ नहीं रहते वैसे ही आपने शराब पीने वाली वेश्याओं के साथ और कुलटाओं के साथ जो संसार भोग भोगे हैं उससे आपके पाप के कण आपके शरीर में मन में बुद्धि में अधिक है और मैंने जो जप किया है उसके कारण मेरे शरीर में ओज तेज आध्यात्मिक कण





पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

अधिक है इसलिए मैं आपके नजदीक नहीं आती थी बल्कि आपसे थोड़ी दूर रहकर आपसे प्रार्थना करती थी आप बुद्धिमान हैं बलवान हैं यशस्वी हैं धर्म की बात भी आपने सुन रखी है फिर भी आपने शराब पीने वाली वेश्याओं के साथ और कुलटाओं के साथ भोग भोगे हैं राजा तुम्हें इस बात का पता कैसे चल गया रानीनाथ हृदय शुद्ध होता है तो यह ख्याल आ जाता है राजा प्रभावित हुआ और रानी से बोला तुम मुझे भी भगवान शिव का वह मंत्र दे दो रानीआप मेरे पति हैंमैं आपकी गुरु नहीं बन सकती। हम दोनों गर्गाचार्य महाराज के पास चलते हैं दोनों गर्गाचार्यजी के पास गये और उनसे प्रार्थना की। उन्होंने स्नानादि से पवित्र हो यमुना तट पर अपने शिवस्वरूप के ध्यान में बैठकर राजा-रानी को निगाह से पावन किया फिर शिवमंत्र देकर अपनी शांभवी दीक्षा से राजा पर शक्तिपात किया। कथा कहती है कि देखते ही देखते कोटिकोटि कौए राजा के शरीर से निकल निकल कर पलायन कर गये। काले कौए अर्थात् तुच्छ परमाणु। काले कर्मों के तुच्छ परमाणु करोड़ों की संख्या में सूक्ष्म दृष्टि के द्रष्टाओं द्वारा देखे गये हैं। सच्चे संतों के चरणों में बैठकर दीक्षा लेने वाले सभी साधकों को इस प्रकार के लाभ होते ही हैं। मन बुद्धि में पड़े हुए तुच्छ कुसंस्कार भी मिटते हैं। आत्म परमात्मा प्राप्ति की योग्यता भी निखरती है व्यक्तिगत जीवन में सुख -शांति सामाजिक जीवन में सम्मान मिलता है तथा मन बुद्धि में सुहावने संस्कार भी पडते हैं। और भी अनगिनत लाभ होते हैं जो निगुरे, मनमुख लोगों की कल्पना में भी नहीं आ सकते। मंत्र दीक्षा के प्रभाव से हमारे पाँचों शरीरों के कुसंस्कार व काले कर्मों के परमाणु क्षीण होते जाते हैं। थोड़ी-ही देर में राजा निर्भार हो गया और भीतर के सुख से भर गया। शुभ अशुभ हानिकारक व सहायक जीवाणु हमारे शरीर में ही रहते हैं। पानी का गिलास होंठ पर रखकर वापस लायें तो उस पर लाखों जीवाणु पाये जाते हैं यह वैज्ञानिक अभी बोलते हैं, परंतु शास्त्रों ने तो लाखों वर्ष पहले ही कह दिया। सुमतिकुमति सबके उर रहहिं। जब आपके अंदर अच्छे विचार रहते हैं तब आप अच्छे काम करते हैं और जब भी हलके विचार आ जाते हैं तो आप न चाहते हुए भी कुछ गलत कर बैठते हैं। गलत करने वाला कई बार अच्छा भी करता है। तो मानना पड़ेगा कि मनुष्य शरीर पुण्य और पाप का मिश्रण है। आपका अंतःकरण शुभ और अशुभ का मिश्रण है। जब आप लापरवाह होते हैं तो अशुभ बढ़ जाता है। अतः पुरुषार्थ यह करना है कि अशुभ क्षीण होता जाय और शुभ पराकाष्ठा तक परमात्मप्राप्ति तक पहुँच जाय।

## अपने विचार

यदि मोदी सरकार वक्फ संशोधन बिल नहीं लाती तो यह संसद परिसर भी वक्फ के हिस्से में होता। वसंत कुंज, दिल्ली एयरपोर्ट समेत कुल 123 स्थान ऐसे हैं, जिन पर वक्फ बोर्ड ने दावा किया था। सेक्शन 108 में कहा गया कि वक्फ ऐक्ट किसी भी कानून से ऊपर रहेगा।



**-किरेन रिजिजू,** केंद्रीय मंत्री

देश के लोगों को अब सावधान हो जाना चाहिए कि भाजपा ने वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करने और उन्हें अपने दोस्तों को देने की शुरुआत कर दी है। ये लोग (केंद्र सरकार) वही हैं जिन्होंने रक्षा विभाग की जमीन अपने दोस्तों को अयोध्या में दे दी।




**-संजय सिंह,** सांसद,आप पार्टी

अगर वक्फ बिल जबरन मुसलमानों पर थोपने की कोशिश की गई तो देशव्यापी आंदोलन होगा और इसकी शुरुआत दिल्ली से करेंगे।' हम अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का इस्तेमाल करेंगे।



**-शोएब जमई,** नेता, एआईएमआईएम

यह बिल जमीनों को सुरक्षा प्रदान करेगा। दान अपनी ही संपत्ति का कर सकते हैं, गांव या सरकारी जमीन का नहीं कर सकते। एएसआई की जमीन, आदिवासी की जमीन सुरक्षित होगी। निजी संपत्ति सुरक्षित होगी।



**-अमित शाह,** गृहमंत्री, भारत सरकार

**अपने विचार**

**डीबीडी कार्यालय**

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िमेदार)।

# गैर-किराया राजस्व में मध्य रेल भारतीय रेलवे में प्रथम स्थान पर

## टिकट जाँच में बेजोड़ प्रदर्शन, रिकॉर्ड-तोड़ आय हासिल की

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मध्य रेल ने गैर-किराया राजस्व (एनएफआर) में भारतीय रेलवे के सभी क्षेत्रों को पीछे छोड़ते हुए वित्त वर्ष 2024-25 में 131.86 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड-तोड़ आय अर्जित की। यह पिछले वर्ष की 122.35 करोड़ रुपये की आय से 7.77% अधिक है। रेलवे बोर्ड ने 137.30 करोड़ रुपये का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है, जो मध्य रेल के नवाचार और राजस्व सृजन में नेतृत्व को दर्शाता है।



### टिकट जाँच में बेजोड़ प्रदर्शन

मध्य रेल ने एक बार फिर टिकट जाँच में एक बेंचमार्क स्थापित किया है, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कुल 38 लाख मामलों का पता लगाया और 203 .41 करोड़ रुपये का प्रभावशाली राजस्व अर्जित किया। यह उपलब्धि राजस्व अनुकूलन और यात्री अनुशासन के प्रति मध्य रेल की प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है। यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और आरक्षित डिब्बों में भीड़भाड़ को रोकने के लिए, जून 2024 से जुर्माना प्रवर्तन में एक रणनीतिक बदलाव लागू किया गया। गंतव्य तक जुर्माना लगाने के बजाय, अब अनियमित यात्रियों से केवल पता लगाने वाले बिंदु तक ही जुर्माना लिया जाता है और उन्हें ट्रेन से उतार दिया जाता है, जिससे आरक्षित यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक यात्रा सुनिश्चित होती है। इसे प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सप्ताहांत और त्योहारों के दौरान विशेष अभियान चलाए जाते हैं।

### मुंबई मंडल ने रचा इतिहास

मध्य रेल के मुंबई मंडल ने 100 करोड़ की गैर-किराया राजस्व आय प्राप्त कर भारतीय रेलवे का पहला मंडल बनने का गौरव हासिल किया। यह उपलब्धि भारतीय रेलवे के 68 मंडलों में से प्रथम स्थान पर रही, जो पिछले तीन वर्षों से बरकरार है।

### स्थानीय कारीगरों को सशक्त बनाना

मध्य रेल 160 वन स्टेशन वन प्रोडक्ट (ओएसओपी) स्टॉल के माध्यम से "वोकल फॉर लोकल" आंदोलन को आगे बढ़ा रहा है, जो समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों के लिए अतिरिक्त आय के अवसर प्रदान करता है। वित्त वर्ष 2024-25 में, ओएसओपी हितधारकों ने 6,03,804 आइटम बेचे, जिससे 4.31 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

### गैर-किराया राजस्व में बढ़ोत्तरी की प्रमुख पहलें

**विज्ञापन और ब्रांडिंग :** मेमू ट्रेनों में ऑडियो विज्ञापन, ग्लो साइन बोर्ड, पब्लिक एड्रेस सिस्टम और स्विंग डोर ग्लास पैनल विज्ञापन। रेलवे स्टेशनों पर बैटरी से चलने वाली गाड़ियां, आराम कुर्सियां, पेय वेंडिंग मशीन, आधुनिक प्रतीक्षा कक्षों पर विज्ञापन। पर्यटक सूचना केंद्र, एटीएम, स्लीपिंग पॉड्स और डिजिटल स्क्रीन पर विज्ञापन।

**परिचालन आउटसोर्सिंग:** पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम संचालन, दरवाजा बंद करने और वैगन-सफाई अनुबंध के तहत राजस्व सृजन।

**अभिनव उद्यम :** दोपहिया और अन्य पार्सल के लिए पैकिंग सेवाएं, ऐप-आधारित ईवी सेवाएं, पार्सल स्कैनर।

इन पहलों ने 630.90 लाख रुपये की पूंजी और जनशक्ति की बचत सुनिश्चित की है।

### वाणिज्यिक उपक्रमों का विस्तार

- रेस्टोरेंट ऑन व्हील्स : अकोला, पुणे, नासिक, शेगाँव, जलगाँव, दादर, एलटीटी, अकुर्दी और चिंचवड़ में नौ अनुबंध दिए गए। शेगाँव, जलगाँव और सोलापुर में आगामी लॉन्च।
- स्लीपिंग पॉड्स : सीएसएमटी, एलटीटी और नासिक में पूरी तरह से चालू।
- सस्ती दवाइयाँ : एलटीटी, मनमाड, पिंपरी, सोलापुर, दादर, कलबुरगि और नागपुर में सात प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र चालू हैं, जो 16,961 वस्तुओं की बिक्री करके 6,19,292/- रुपये का राजस्व उत्पन्न कर रहे हैं।

# दिवंगत रेल कर्मचारियों के बच्चों को अनुकंपा के आधार पर दिए गए नियुक्ति पत्र प्रदान

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

पश्चिम रेलवे ने सहानुभूति और समर्थन के संकेत के रूप में छह दिवंगत रेल कर्मचारियों के पात्र आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री पंकज सिंह ने लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे।



### पश्चिम रेलवे का कर्मचारियों की भलाई पर जोर

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, रेलवे अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों की आर्थिक भलाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। दिवंगत रेल कर्मचारियों के आश्रितों को कम से कम समय में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति सुनिश्चित की जा रही है।

### 100 से अधिक आश्रितों को मिली नौकरी

पिछले साल, पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल ने 100 से अधिक जरूरतमंद कर्मचारियों के परिवारों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी दी थी। इसके अलावा, रेलवे ने रिकॉर्ड संख्या में कर्मचारियों को उनके करियर की प्रगति और भत्तों के साथ पदोन्नति भी दी। मुंबई सेंट्रल मंडल कर्मचारी कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कर्मचारियों और उनके परिवारों की भलाई को सर्वोच्च महत्व देता है।

# विभिन्न गंतव्यों के लिए तीन समर स्पेशल ट्रेनें चलाएगी पश्चिम रेलवे

## मुंबई सेंट्रल-कटिहार साप्ताहिक स्पेशल और भावनगर टर्मिनस-हैदराबाद साप्ताहिक स्पेशल के फेरे विस्तारित

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर तीन स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09189/09190 मुंबई सेंट्रल-कटिहार साप्ताहिक स्पेशल तथा 07062/07061 भावनगर टर्मिनस-हैदराबाद साप्ताहिक स्पेशल के फेरों को विस्तारित किया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने इसकी जानकारी दी।

### उधना-मालदा टाउन स्पेशल ट्रेन

ट्रेन संख्या 03418 उधना - मालदा टाउन स्पेशल सोमवार, 14 अप्रैल को 12.30 बजे उधना से प्रस्थान करेगी और बुधवार को 02.55 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 03417 मालदा टाउन - उधना स्पेशल शनिवार, 12 अप्रैल, 2025 को मालदा टाउन से 12.20 बजे प्रस्थान करेगी और सोमवार को 00.45 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, व्यारा, नवापुर, नंदुरबार, दोंडाइचा, अमलनेर, भुसावल, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, बख्तियारपुर, किऊल, अभयपुर, जमालपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज, बरहरवा और न्यू फरक्का स्टेशनों पर रुकेगी।


### बांद्रा टर्मिनस – भगत की कोठी साप्ताहिक स्पेशल

ट्रेन संख्या 04828 बांद्रा टर्मिनस-भगत की कोठी स्पेशल प्रत्येक रविवार को बांद्रा टर्मिनस से 10.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 04.30 बजे भगत की कोठी पहुंचेगी। यह ट्रेन 06 अप्रैल से 29 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 04827 भगत की कोठी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक शनिवार को भगत की कोठी से 14.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 07.25 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 05 अप्रैल से 28 जून, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, साबरमती, महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, पिंडवाड़ा, जवाई बांध, फालना, रानी, मारवाड़, पाली मारवाड़ और लूनी स्टेशनों पर रुकेगी।

### बांद्रा टर्मिनस– बीकानेर सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल

ट्रेन संख्या 04714 बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को बांद्रा टर्मिनस से 16.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 13.50 बजे बीकानेर पहुंचेगी। यह ट्रेन 04 अप्रैल से 27 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 04713 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को बीकानेर से 17.20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 13.40 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 03 अप्रैल से 26 जून, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, आणंद, नडियाद, साबरमती, महेसाणा, भीलड़ी, रानीवाड़ा, मारवाड़ भीनमाल, मोदरान, जालोर, मोकलसर, समदड़ी, लूनी, जोधपुर, मेड़ता रोड, नागौर और नोखा स्टेशनों पर रुकेगी।

### भावनगर टर्मिनस-हैदराबाद साप्ताहिक स्पेशल का विस्तार



ट्रेन संख्या 07062 भावनगर टर्मिनस-हैदराबाद साप्ताहिक स्पेशल को 01 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्या 07061 हैदराबाद-भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल को 30 मई, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

### मुंबई सेंट्रल-कटिहार साप्ताहिक स्पेशल का विस्तार

ट्रेन संख्या 09189 मुंबई सेंट्रल- कटिहार साप्ताहिक स्पेशल को 26 अप्रैल, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09190 कटिहार - मुंबई सेंट्रल साप्ताहिक स्पेशल को उधना स्टेशन को छोड़कर मौजूदा संरचना, मार्ग, समय और ठहराव पर 29 अप्रैल, 2025 तक विस्तारित किया गया है। ये ट्रेनें अब उधना के बजाय सूरत स्टेशन पर रुकेंगी।

# मेसर्स नवी मर्चेंट्स के लिए एमपीवी का कील लेईंग समारोह

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने 02 अप्रैल 2025 को मेसर्स नवी मर्चेंट्स, डेनमार्क के लिए मल्टी-पर्पज वेसल (MPV) - यार्ड 21001 का कील लेईंग समारोह आयोजित किया। यह समारोह एमडीएल के साउथ यार्ड में संपन्न हुआ, जिसमें अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री बीजू जॉर्ज ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस दौरान श्री पीटर बर्टेलसन, तकनीकी निदेशक, नवी मर्चेंट्स, क्लासीफिकेशन सोसायटी (डीएनवी) और एमडीएल के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### छह जहाजों के निर्माण का अनुबंध

एमडीएल और मेसर्स नवी मर्चेंट्स के बीच हुए अनुबंध के तहत छह मल्टी-पर्पज वेसल्स का डिजाइन, निर्माण और सुपुर्दगी की जाएगी। प्रत्येक जहाज की कीमत लगभग 14 मिलियन अमेरिकी डॉलर तय की गई है।

### अप्रैल 2026 में होगी सुपुर्दगी

एमडीएल द्वारा निर्मित इस जहाज की सुपुर्दगी अप्रैल 2026 में निर्धारित है। यह कील लेईंग समारोह जहाज निर्माण की प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

# सोलापुर मंडल के कर्मचारी महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मध्य रेल के महाप्रबंधक धर्मवीर मीना ने 2 अप्रैल 2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई में आयोजित एक समारोह में सोलापुर मंडल के कर्मचारी को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया।



### डीआरएम और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति

इस अवसर पर सोलापुर मंडल के डीआरएम डॉ. सुजीत मिश्रा, अपर महाप्रबंधक श्री प्रतीक गोस्वामी, प्रमुख मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्री चंद्र किशोर प्रसाद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### ट्रैक की सतर्क जांच से टली दुर्घटना

यह सम्मान ड्यूटी के दौरान सतर्कता, अप्रिय घटनाओं को रोकने में योगदान और ट्रेन संचालन में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिया गया। सोलापुर मंडल के इलेक्ट्रिक सिग्नल मेंटेनर, समाधान प्रभु ने 7 मार्च 2025 को ट्रैक की जाँच करते समय एक वेल्ड फ्रैक्चर देखा और तुरंत अधिकारियों को सूचित किया। उनकी सतर्कता से एक संभावित रेल दुर्घटना टल गई।

### महाप्रबंधक ने कर्मचारियों को किया प्रेरित

संरक्षा पुरस्कार के तहत एक पदक, प्रशंसा प्रमाण पत्र, अनुकरणीय संरक्षा कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र और 2000/- नकद राशि प्रदान की गई। महाप्रबंधक मीना ने पुरस्कार विजेता को बधाई देते हुए कहा कि रेलवे कर्मचारियों की सतर्कता और समर्पण यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास दूसरों को भी प्रेरित करेंगे।

# अंबरनाथ में अवैध बैनरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

## हीराली फाउंडेशन ने प्रशासन को भेजा ई-मेल हाईकोर्ट के आदेशों के उल्लंघन का आरोप

डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर

अंबरनाथ शहर में सार्वजनिक स्थलों, चौराहों और दिशा-निर्देश बोर्डों पर अवैध रूप से लगाए गए बैनरों के खिलाफ हीराली फाउंडेशन ने नगर प्रशासन को ई-मेल भेजकर तुरंत कार्रवाई की मांग की है। फाउंडेशन ने इस मामले में जनहित याचिका संख्या 155/2011 और 173/2010 के आदेशों के उल्लंघन का आरोप लगाया है।

### अवैध बैनरों से बढ़ रहा प्लास्टिक और दृश्य प्रदूषण



फाउंडेशन ने बताया कि अवैध रूप से लगाए जाने वाले बैनर फ्लेक्स और पॉली विनाइल क्लोराइड (PVC) से बने होते हैं, जिनका एक ही बार उपयोग किया जाता है। इससे न केवल शहर का सौंदर्यीकरण बिगड़ता है, बल्कि यह प्लास्टिक प्रदूषण को भी बढ़ावा देता है।

### तत्काल कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

वकील सरिता खानचंदानी ने हीराली फाउंडेशन की ओर से अंबरनाथ नगर पालिका प्रशासन को भेजे गए ई-मेल में चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन इन अवैध बैनरों को हटाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाता, तो वह नगर पालिका के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होंगे। फाउंडेशन ने नगर प्रशासन से इस मामले पर तत्काल व्यक्तिगत सुनवाई आयोजित करने की अपील की है और इस मुद्दे पर शीघ्र प्रतिक्रिया की अपेक्षा की है।नगर प्रशासन की ओर से इस शिकायत पर क्या कदम उठाए जाएंगे, यह देखने वाली बात होगी।

बुनियादी ढांचे से राजस्व तक नए कीर्तिमान

# नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर पश्चिम रेलवे

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

पश्चिम रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रदर्शन कर भारतीय रेलवे में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। माल ढुलाई, यात्री सेवाओं, सुरक्षा, बुनियादी ढांचे के विकास और राजस्व वृद्धि में पश्चिम रेलवे ने कई नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं। इस वर्ष बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय सुधार के तहत 346 किलोमीटर नई लाइन, गेज परिवर्तन और दोहरीकरण कार्य पूरा किया गया, जो वर्ष का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। 100% विद्युतीकरण पूरा करने वाला यह अग्रणी रेलवे जोन है, जिसमें 644 रूट किलोमीटर पर 'कवच' सुरक्षा तकनीक लागू की गई, जिससे ट्रेनों की सुरक्षा में वृद्धि हुई। 140 आरओबी/आरयूबी का निर्माण भारतीय रेलवे में सर्वाधिक रहा, जबकि 561 किलोमीटर डब्ल्यू-बीम बाड़ लगाकर मवेशियों की टकराने की घटनाओं में कमी लाई गई। 108 मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग गेट हटाकर रेलवे सुरक्षा में सुधार किया गया और 410 वेल्डेबल कास्ट मैंगनीज स्टील (WCMS) क्रॉसिंग बिछाकर यात्रा सुविधा एवं संरक्षा को बढ़ावा दिया गया। इसके अलावा, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की 95% समयपालनता के साथ यह भारतीय रेलवे में शीर्ष पर रहा और सिग्नल विफलता की घटनाओं में 20% की कमी दर्ज की गई।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** – नए मित्र बनेंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर अवसर बढ़ेंगे। समस्याएं कम होंगी। मान-सम्मान मिलेगा। मित्र व रिश्तेदारों से संबंध सुधरेंगे। बुद्धि का प्रयोग करें। व्यापार-व्यवसाय व नौकरी से अनुकूलता बनी रहेगी।

**वृष** – जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। नए मित्र बनेंगे।

**मिथुन** – वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। अकारण क्रोध व उत्तेजना रह सकते हैं। बेवजह किसी से विवाद हो सकता है। बुरी खबर मिल सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। काम में मन नहीं लगेगा।

**कर्क** – प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कामों की रुकावट दूर होगी। स्थिति मनोनुकूल रहेगी। कारोबार में लाभ वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी।

**सिंह** – मेहनत का पूरा-पूरा फल मिलेगा। काम में उत्साह व प्रसन्नता से ध्यान दे पाएंगे। वाद-विवाद से अपना पक्ष मजबूत कर पाएंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कन्या** – नई योजना बनेगी। कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। सुख के साधनों की प्राप्ति की कोशिशें कामयाब रहेंगी। नए काम हाथ में आएंगे।

**तुला** – चोट व दुर्घटना से हानि की आशंका बनती है। आशंका-कुशंका के चलते कार्य प्रभावित होंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। झंझटों से दूर रहें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**वृश्चिक** – भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। कोई बड़ा सौदा बड़ा लाभ दे सकता है। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**धनु** – रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यापार-व्यापार अच्छा चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं।

**मकर** – विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। कारोबार से लाभ होगा। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ** – व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। नौकरी में अमन-चैन रहेगा। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शेयर-मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से मनोनुकूल लाभ होगा।

**मीन** – फालतू खर्च होगा। लाभ के अवसर टलेंगे। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। चोट व रोग से बचें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

# शनि और चन्द्रमा जनित विषयोग विवरण

भाग-3

**सप्तम भाव** – स्त्री की कुंडली में विष योग होने से पहला विवाह देर से होकर टूटता है, और वह दूसरा विवाह करती है। पुरूष की कुंडली में यह युति विवाह में अधिक विलंब करती है। पत्नी अधिक उम्र की या विधवा होती है। संतान प्राप्ति में बाधा आती है। दांपत्य जीवन में कटुता और विवाद के कारण वैवाहिक सुख नहीं मिलता। साझेदारी के व्यवसाय में घाटा होता है। ससुराल की ओर से कोई सहायता नहीं मिलती।

**अष्टम भाव** – दीर्घकालीन शारीरिक कष्ट और गुप्त रोग होते हैं। टांग में चोट अथवा कष्ट होता है। जीवन में कोई विशेष सफलता नहीं मिलती। उम्र लंबी रहती है। अंत समय कष्टकारी होता है।


**नवम भाव** – भाग्योदय में रूकावट आती है। कार्यों में विलंब से सफलता मिलती है। यात्रा में हानि होती है। ईश्वर में आस्था कम होती है। कमर व पैर में कष्ट रहता है। जीवन अस्थिर रहता है। भाई-बहन से संबंध अच्छे नहीं रहते।

**दशम भाव** – पिता से संबंध अच्छे नहीं रहते। नौकरी में परेशानी तथा व्यवसाय में घाटा होता है। पैतृक संपत्ति मिलने में कठिनाई आती है। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं रहती। वैवाहिक जीवन भी सुखी नहीं रहता।



**एकादश भाव** – बुरे दोस्तों का साथ रहता है। किसी भी कार्य मे लाभ नहीं मिलता। 1 संतान से सुख नहीं मिलता। जातक का अंतिम समय बुरा गुजरता है। बलवान शनि सुखकारक होता है।

**द्वादश स्थान** – जातक निराश रहता है। उसकी बीमारियों के इलाज में अधिक समय लगता है। जातक व्यसनी बनकर धन का नाश करता है। अपने कष्टों के कारण वह कई बार आत्महत्या तक करने की सोचता है।




प्रियंका जैन
9769994439

महर्षि पराशर ने दो ग्रहों की एक राशि में युति को सबसे कम बलवान माना है। सबसे बलवान योग ग्रहों के राशि परिवर्तन से बनता है तथा दूसरे नंबर पर ग्रहों का दृष्टि योग होता है। अतः शनि-चंद्र की युति से बना 'विष योग' सबसे कम बलवान होता है। इनके राशि परिवर्तन अथवा परस्पर दृष्टि संबंध होने पर 'विष योग' संबंधी प्रबल प्रभाव जातक को प्राप्त होते हैं।

इसके अतिरिक्त शनि की तीसरी, सातवीं या दसवीं दृष्टि जिस स्थान पर हो और वहां जन्मकुंडली में चंद्रमा स्थित होने पर 'विष योग' के समान ही फल जातक को प्राप्त होते हैं।

उपाय शिवजी शनिदेव के गुरु हैं और चंद्रमा को अपने सिर पर धारण करते हैं। अतः 'विषयोग' के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए देवों के देव महादेव शिव की आराधना व उपासना करनी चाहिए। सुबह स्नान करके प्रतिदिन थोड़ा सरसों का तेल व काले तिल के कुछ दाने मिलाकर शिवलिंग का जलाभिषेक करते हुये 'ॐ नमः शिवाय' का उच्चारण करना चाहिए। उसके बाद कम से कम एक माला 'महामृत्युंजय मंत्र' का जप करना चाहिए। शनिवार को शनि देव का संध्या समय तेलाभिषेक करने के बाद गरीब, अनाथ एवं वृद्धों को उरद की दाल और चावल से बनी खिचड़ी का दान करना चाहिए। ऐसे व्यक्ति को रात के समय दूध व चावल का उपयोग नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे चंद्रमा और निर्बल हो जाता है।

## धामी सरकार में दायित्वधारियों की मौज



**देहरादूनः** धामी सरकार ने 20 नेताओं को दायित्व बांट दिये हैं। विभिन्न आयोगों, निगमों, परिषदों में इन नेताओं को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सलाहकार और अन्य दायित्व दिया गया है। इन दर्जा प्राप्त मंत्रियों और राज्य मंत्रियों को सरकार सैलरी देती है। उत्तराखंड में दायित्व धारियों की धामी सरकार आने के बाद बल्ले बल्ले होती रही है। एक दायित्व धारी को 45000 रुपए का मानदेय मिलता था। जिसे बढ़ा दिया गया था। मौजूदा समय में उत्तराखंड में एक दायित्व धारी को 80000 प्रतिमाह मिल रहे हैं। अगर सरकारी वाहन का इस्तेमाल नहीं करता तो 40000 प्रति माह का प्रावधान है। इसके अलावा सरकारी आवास अगर नहीं मिलता है तो उसे एवज में 25000 प्रतिमाह दिया जाता है। अगर सरकारी आवास मिलता है तो कार्यालय भत्ते के रूप में 10000 प्रतिमाह दिया जाता है। इतना ही नहीं 2000 प्रति महीना टेलीफोन या मोबाइल रिचार्ज की सुविधा भी दायित्वधारियों को दी जाती है। 12000 से लेकर 15000 रुपए तक एक फोर्थ क्लास का कर्मचारी भी दायित्वधारी रख सकता है। इसका पैसा भी सरकार ही वहन करती है।

## सरहुल शोभा यात्रा पर हमले से आदिवासी समाज में आक्रोश



रांचीः सरहुल की शोभा यात्रा के दौरान हुई झड़प के बाद आदिवासी समाज आक्रोशित है। आदिवासियों का आरोप है कि 1 अप्रैल को सरहुल की शोभायात्रा के दौरान पिठौरिया के बालु गांव स्थित हेटबालु टोली में हुई झड़प हुई थी, इसमें पाहन को निशाना बनाया गया। इस हमले को लेकर समाज में खासा आक्रोश दिख रहा है। आदिवासी संगठनों ने जिला प्रशासन को दो टूक कह दिया है कि 24 घंटे के भीतर हमलावरों को गिरफ्तार नहीं किया तो पिठौरिया रोड ब्लॉक कर दिया जाएगा। जरुरत पड़ने पर पूरे राज्य में आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## कमरे से मिला युवक और युवती का शव

**भागलपुर।** जिले में ततारपुर थाना क्षेत्र के सराय स्थित सर्वेंट क्वार्टर में प्रेमी और प्रेमिका ने एक साथ एक कमरे में अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। आत्महत्या करने से पहले उन्होंने सुसाइड नोट लिखा। उसके बाद प्लास्टिक की रस्सी से दोनों ने गले में फंदा लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। उक्त सर्वेंट क्वार्टर में आत्महत्या करने वाला कहलगांव निवासी एमएस होटल का कर्मचारी रोशन भारती था। वह एमएस होटल में कैटरिंग का काम किया करता था। उस लड़के के साथ एक लड़की ने भी सुसाइड कर ली है। कयास यह लगाया जा रहा है कि दोनों प्रेमी-प्रेमिका है। हालांकि जब घटना हुई है तो कमरा अंदर से बंद। पुलिस के आने के बाद कमरे का गेट तोड़ा गया।

## बाल संप्रेषण गृह से दस बाल अपचारी भाग निकले



**धौलपुर।** जिले के बाल संप्रेषण गृह से मंगलवार रात दस बाल अपचारी भाग निकले। बाल अपचारियों ने संप्रेषण गृह की छत पर लगी लोहे की जाली को तोड़ दिया तथा एक-एक करके भाग निकले। सदर थाना पुलिस ने बुधवार दोपहर को पांच बाल अपचारियों को डिटेन कर लिया है तथा शेष की तलाश की जा रही है। धौलपुर जिला मुख्यालय से करीब चार किलोमीटर सदर थाना क्षेत्र के पुरानी छावनी का पास स्थित में बाल संप्रेषण गृह में विभिन्न मामलों में निरुद्ध किए गए दस बाल अपचारी रात करीब 12 बजे के बीच छत पर लगे लोहे के जाल को तोड़ कर एक-एक करके छत के रास्ते भाग निकले। बाल अपचारियों के भागने की घटना बाल संप्रेषण गृह में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।

# महंगी हुई भगवान की पूजा!

एजेंसी | पटना

महंगाई की मार से आम जनता पसीना छोड़ रही है। महंगाई की मार अब मंदिरों तक पहुंच चुकी है। पटना के महावीर मंदिर में हनुमान भक्तों को अब पूजा-पाठ के लिए थोड़ा अधिक पैसा खर्च करना होगा। मंदिर प्रबंधन ने एक अप्रैल से न केवल पूजा-पाठ और जप का रेट बढ़ा दिया है, बल्कि नैवेद्यम लड्डू की कीमतों में भी बढ़ोतरी कर दी है। पटना के महावीर मंदिर के नैवेद्यम लड्डू प्रसाद के रूप में भक्त लेते हैं। अब इसकी कीमत में 30 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है। पहले प्लास्टिक पैक में 350 रुपए और कार्टन (गत्ते) पैक में 330 रुपए प्रति किलो था, लेकिन अब से प्लास्टिक पैक में 380 रुपए और कार्टन में 360 रुपए प्रति किलो हो गई है।




मंदिर में रुद्राभिषेक (तीन घंटे) जो पहले 5100 रुपए में होता था अब इसके लिए 5610 रुपए चुकाने होंगे। सत्यनारायण पूजा पहले 1100 रुपए में होता था लेकिन अब बढ़कर 1201 रुपए हो गई है। हनुमत पूजा जो पहले 2100 रुपए में होती थीं अब इनके लिए 2310 रुपए देने होंगे। मुंडन करवाने की कीमत भी 501 रुपए से बढ़कर 550 रुपए हो गई है।

### प्रसाद नैवेद्यम का रेट बढ़ा

पूजा और प्रसाद की नई दरें लागू होने से गरीब भक्तों में थोड़ी सी उदासी देखने को मिली है। वैसे न्यास समिति का कहना है कि श्घी, चीनी और बेसन जैसी चीजों के दाम बढ़ने की वजह से उन्होंने यह फैसला लिया है। महावीर मंदिर में चढ़ने वाले प्रसाद नैवेद्यम का रेट भी बढ़ा दिया है। अब रुद्राभिषेक के लिए 5100 रुपए के बदले 5601 रुपए देने होंगे तो सत्यनारायण भगवान की पूजा के लिए 1000 रुपए के बदले 1201 रुपए देने होंगे।

### तीन साल पहले भी बढ़ा था दाम

रेट बढ़ जाने से कुछ भक्त कह रहे है कि जेब पर थोड़ा असर जरूर पड़ेगा तो कुछ भक्त कह रहे है सब भगवान का ही तो दिया हुआ है। बता दें कि इससे पहले 23 अक्टूबर 2022 हनुमान महावीर मंदिर में नैवेद्यम की कीमत 30 रुपए बढ़ाई गई थी।

## बोधगया में बनेगा भव्य ध्यान और आध्यात्म केंद्र

### 165 करोड़ की परियोजना को मिली हरी झंडी

एजेंसी | गया

बिहार का बोधगया बौद्ध आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। बोधगया में बौद्ध ध्यान एवं आध्यात्म केंद्र का निर्माण होगा। परियोजना के लिए स्वीकृति भी दे दी गई है। जल्द ही इसका भूमि पर कार्य शुरू हो जाएंगे। इस के निर्माण से पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और इसमें विश्व स्तरीय सुविधा होगी। स्वीकृति मिलते ही जिला प्रशासन की ओर से भी तैयारी शुरू कर दी गई है। बिहार पर्यटन विभाग ने पहली किस्त की राशि भी जारी कर दी है।



बिहार सरकार की इस परियोजना के लिए 165।443 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसे स्वदेश दर्शन 2।0 योजना के तहत मंजूरी दी गई है। इसके लिए पहली किस्त के रूप में 16।54 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं ताकि कार्य शुरू हो जाएं और जल्द ही इसका निर्माण हो सके इसके प्रारूप भी फाइनल हो चुके हैं। पर्यटन विभाग के अनुसार पर्यटन मंत्रालय की मंजूरी और निगरानी समिति ' सीएसएमसी ' ने 27 मार्च 2025 को आयोजित बैठक में इस परियोजना को हरी झंडी दी थी।

## पलामू किले का जीर्णोद्धार कार्य दो महीने में होगा शुरू

**पलामू।** 400 वर्ष पुराने पलामू किला का जीर्णोद्धार कार्य अगले दो महीने में शुरू हो जाएगा। जीर्णोद्धार कार्य के लिए सर्वे का कार्य पूरा हो गया है। नया और पुराना पलामू किला का जीर्णोद्धार कार्य एक साथ शुरू किया जाना है। जीर्णोद्धार करने वाली टीम ने मौसम के हिसाब से अलग-अलग योजना बनाई है। गर्मी के दिनों के लिए अलग, जबकि बरसात के दिनों के लिए अलग योजना तैयार की गई है।गर्मी के दिनों में किला का बाहरी कार्य होगा, जबकि बरसात के दिनों में किला के अंदर जीर्णोद्धार का कार्य किया जाएगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर झारखंड सरकार ने पलामू किला को जीर्णोद्धार करवाने की घोषणा की थी। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने इसकी घोषणा की थी। पलामू किला का जीर्णोद्धार कार्य करने के लिए हेरिटेज कंजर्वेशन के श्रीदेव सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने पलामू किला का सर्वे किया था। श्रीदेव सिंह के नेतृत्व वाली हेरिटेज कंजर्वेशन की टीम ने पलामू किला का सर्वे किया और रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार से बजट मांगी गई है। इस संबंध में पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना ने बताया कि अगले दो महीने में पलामू किला का जीर्णोद्धार कार्य शुरू हो जाएगा।

## शिक्षा विभाग के दो पदाधिकारियों पर विभागीय कार्यवाही

एजेंसी | पूर्वी चंपारण

शिक्षा विभाग ने पूर्वी चंपारण के जिला शिक्षा पदाधिकारी संजीव कुमार और माध्यमिक शिक्षा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नित्यम कुमार गौरव के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है। दोनों अधिकारियों पर कर्तव्य में लापरवाही के आरोप हैं। इस संबंध में विभाग ने संकल्प जारी कर दिया है।

### डीईओ संजीव कुमार पर गंभीर आरोप

पूर्वी चंपारण के डीईओ संजीव कुमार के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा नौवीं और 11वीं कक्षा की गोपनीय वार्षिक सामग्री को सुरक्षित तरीके से नहीं रखने और प्रश्न पत्रों के समय पर वितरण के लिए पर्याप्त कर्मियों की नियुक्ति न करने के आरोप उन पर प्रथम दृष्टया सही पाए गए हैं। शिक्षा विभाग के अनुसार, राज्यपाल को यह विश्वास हो रहा है कि DEO संजीव कुमार ने अपने कर्तव्यों का सही निर्वहन नहीं किया। इन आरोपों की विस्तृत जांच के लिए विभागीय कार्यवाही प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है।

### जांच के लिए अधिकारियों की नियुक्ति

शिक्षा विभाग के अपर सचिव सुनील कुमार को इस मामले में संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं, तिरहुत प्रमंडल मुजफ्फरपुर के क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक को उपस्थापन पदाधिकारी बनाया गया है। विभाग ने निर्देश दिया है कि तीन महीने के भीतर संचालन पदाधिकारी जांच पूरी कर अपनी रिपोर्ट सौंपें।

## गोरखपुर एयरपोर्ट से 24 घंटे उड़ान सेवा की मांग

### सांसद रवि किशन ने रक्षा मंत्री से की मुलाकात

एजेंसी | गोरखपुर

पूर्वांचल के सबसे महत्वपूर्ण हवाई केंद्र गोरखपुर एयरपोर्ट के संचालन समय को 24 घंटे करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सांसद रवि किशन शुक्ला ने दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। वर्तमान में यह एयरपोर्ट केवल रात 9 बजे तक ही संचालित होता है, जिससे यात्रियों को सीमित समय में ही यात्रा करने की सुविधा मिल पाती है। सांसद रवि किशन ने इस सेवा को 24 घंटे करने की मांग रखते हुए कहा कि इससे गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी को नया विस्तार मिलेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस विषय पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए जल्द ही आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।



### पूर्वांचल को मिलेगा बड़ा सौगात, बढ़ेगी कनेक्टिविटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में हवाई सेवाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। गोरखपुर, जो पूर्वांचल के लिए एक प्रमुख केंद्र है, वहां 24 घंटे उड़ान सेवा शुरू होने से व्यापार, पर्यटन, शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे। सांसद रवि किशन ने इससे पहले भी गोरखपुर एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए कई प्रयास किए हैं।

## आम आदमी पार्टी ने यूपी में 10 प्रदेश प्रवक्ताओं की सूची जारी

एजेंसी | लखनऊ

आम आदमी पार्टी (AAP) ने उत्तर प्रदेश में संगठन विस्तार के तहत 10 नए प्रदेश प्रवक्ताओं की घोषणा की है। इस सूची में लखनऊ जिले से दो प्रवक्ताओं को शामिल किया गया है, जबकि अन्य जिलों से एक-एक प्रवक्ता नियुक्त किए गए हैं।



### प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के निर्देश पर नियुक्ति

राज्यसभा सांसद और यूपी प्रभारी संजय सिंह के निर्देश पर मुख्य प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे ने इन नियुक्तियों की पहली सूची जारी की।

### जनता के मुद्दों को उठाने का संकल्प

वंशराज दुबे ने कहा कि नव-नियुक्त प्रदेश प्रवक्ता पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी जनता के मुद्दों को पूरी शक्ति से उठाएगी और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करेगी।

### किन जिलों में हुई नियुक्ति?

आम आदमी पार्टी ने रामपुर, वाराणसी, बुलंदशहर, हमीरपुर, गाजियाबाद, कानपुर, मेरठ और फिरोजाबाद में एक-एक प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है, जबकि लखनऊ जिले में दो प्रदेश प्रवक्ता बनाए गए हैं।

## फीस बढ़ोतरी पर एक्शन मोड में शिक्षा मंत्री

### पूर्वी सिंहभूम के 78 प्राइवेट स्कूल को जारी किया नोटिस

एजेंसी | पूर्वी सिंहभूम

झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के गृह जिला पूर्वी सिंहभूम में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के खिलाफ जिला शिक्षा विभाग ने तेवर कड़े कर लिए हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी व शिक्षा अधीक्षक ने 78 प्राइवेट स्कूल प्रबंधकों को एक नोटिस जारी किया है, जिसमें उन लोगों से अलग-अलग बिंदुओं पर जवाब मांगा है।



### आज जवाब सौंपने का निर्देश

जिला शिक्षा विभाग द्वारा एक पत्र जारी करते हुए कहा गया है कि झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम 2017 अध्याय-2 के नियम -75 (3) के अनुसार स्कूल भवन, संरचना या परिसर का उपयोग केवल शिक्षा के उद्देश्य के लिए किया जाएगा और स्कूल परिसर में शिविर लगाकर किताब या अन्य सामग्री (यूनिफॉर्म-जूते) की खरीद के लिए अभिभावक या छात्र-छात्राओं को बाध्य/प्रेरित नहीं करने से संबंधित निर्देश है। इसके बावजूद स्कूल परिसर का उपयोग किताब बेचने के लिए किया जा रहा है। उक्त पत्र में यह भी बताया गया है कि अभिभावक या छात्रों को किताब खरीदने के लिए किसी खास दुकानदार के लिए बाध्य नहीं किया जाए, लेकिन अक्सर यह देखा जाता है कि स्कूल द्वारा निर्धारित विक्रेता के अलावा किसी अन्य विक्रेता के पास उक्त किताबें उपलब्ध नहीं होती है।




# भारी उद्योगों के पास 20 गीगावाट सौर ऊर्जा इस्तेमाल का मौका

- ऊर्जा थिंक टैंक अंबर की ताजा रिपोर्ट में किया गया दावा
- कार्बन उत्सर्जन में सालाना 2.9 करोड़ टन की कमी संभव

**नई दिल्ली।** यदि देश के तीन बड़े भारी उद्योगों इस्पात, सीमेंट एवं एल्युमीनियम सौर ऊर्जा को अपनाते हैं तो इससे वे अपने कार्बन उत्सर्जन में सालाना 2.9 करोड़ टन की कमी कर सकते हैं। इन उद्योगों के समक्ष करीब 20 गीगावाट सौर ऊर्जा के इस्तेमाल के अवसर हैं। इससे उनकी उत्पादन लागत भी कम हो जाएगी। ऊर्जा थिंक टैंक अंबर की ताजा रिपोर्ट में यह आकलन किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार इस्पात क्षेत्र में सेकेंडरी स्टील प्लांट्स में इस्तेमाल होने वाली आर्क फर्नेस जैसी तकनीकों में सौर ऊर्जा का इस्तेमाल संभव है। जबकि अभी इसमें कोयला आधारित बिजली का इस्तेमाल होता है। इस्पात क्षेत्र में 9.4 गीगावाट सौर ऊर्जा का योगदान संभव है। सौर ऊर्जा से इस्पता क्षेत्र की लागत में करीब 10 फीसदी की कमी आएगी। सीमेंट और एल्युमीनियम उद्योग जो कैप्टिव कोयले पर निर्भर हैं, फिर भी 11 गीगावाट तक की सौर ऊर्जा क्षमता जोड़ सकता हैं जो वे सहायक कार्यों में इस्तेमाल कर सकते हैं। रिपोर्ट बताती है कि छत्तीसगढ़ और ओडिशा 20 गीगावाट अवसर में लगभग 40 फीसदी की हिस्सेदारी रखते हैं। इन राज्यों में भारी उद्योगों की अधिकता और अनुकूल नीति के कारण ओपन एक्सेस सोलर एनर्जी को अपनाना आसान है। सरकार की ओर से क्रॉस-सब्सिडी शुल्क में छूट और अन्य रियायतें इस परिवर्तन को बढ़ावा दे सकती हैं।




### हरित विनिर्माण हब बनने का मौका

अंबर के एशिया विश्लेषक दत्तात्रेय दास कहते हैं कि ओडिशा और छत्तीसगढ़ लंबे समय से औद्योगिक केंद्र रहे हैं। वे रिन्यूएबल एनर्जी को अपनाकर ये खुद को हरित विनिर्माण हब में बदल सकते हैं। ओडिशा पहले से ही ग्रीन इंडस्ट्रियल पार्क की योजना बना रहा है, जिससे एक निर्यात-प्रधान, कम-कार्बन औद्योगिक भविष्य तैयार हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार रिन्यूएबल एनर्जी को अपनाने से उद्योगों को आर्थिक लाभ के साथ-साथ रणनीतिक बढ़त भी मिलेगी। स्टील यानी इस्पात क्षेत्र को ग्रीन स्टील टैक्सोनॉमी में शामिल होने का मौका मिलेगा, जिससे वे हरित प्रीमियम बाजारों में प्रवेश कर सकते हैं।

## आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक 7-9 अप्रैल को

### रेपो रेट में कटौती की संभावना

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक वित्त वर्ष 2025-26 की पहली मौद्रिक नीति समिति (MPC) की बैठक 7-9 अप्रैल के बीच आयोजित करेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस बैठक में रेपो रेट में 0.25% की कटौती संभव है।



### रेपो रेट में कटौती क्यों?

आर्थिक जानकारों का कहना है कि महंगाई दर नियंत्रित करने और आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए RBI यह कदम उठा सकता है। यदि कटौती होती है, तो बैंकिंग सेक्टर में कर्ज सस्ता हो सकता है, जिससे होम लोन, ऑटो लोन और अन्य ऋणों पर ब्याज दर घट सकती है।

### क्या कहती हैं रिपोर्ट्स?

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में यह बैठक होगी, और 9 अप्रैल को लिए गए फैसले की घोषणा होगी। बीते वित्त वर्ष 2024-25 की आखिरी MPC बैठक में रेपो रेट 6.5% से घटाकर 6.25% किया गया था। कुछ रेटिंग एजेंसियों के अनुसार, इस बार भी 0.25% कटौती की संभावना जताई जा रही है।

## शेयर बाजार में मजबूती, सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी

### निवेशकों को 3.53 लाख करोड़ का फायदा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रेसिप्रोकल टैरिफ लागू करने से पहले भारतीय शेयर बाजार बेखौफ नजर आया और मजबूती के साथ बंद हुआ। मंगलवार को बाजार में उतार-चढ़ाव के बाद सेंसेक्स 592.93 अंकों की तेजी के साथ 76,617.44 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 166.65 अंकों की मजबूती के साथ 23,332.35 अंक पर बंद हुआ।



### सभी सेक्टर में बढ़त, निवेशकों को भारी मुनाफा

बाजार में तेजी से निवेशकों को एक दिन में 3.53 लाख करोड़ रुपये का फायदा हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का मार्केट कैप 412.96 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। रियल्टी, ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, आईटी, हेल्थकेयर और एफएमसीजी सेक्टर में खरीदारी का जोर रहा।

### सेंसेक्स और निफ्टी में उतार-चढ़ाव

सेंसेक्स 121.77 अंकों की बढ़त के साथ 76,146.28 अंक पर खुला, दिन में यह 76,680.35 के उच्चतम स्तर तक पहुंचा और अंत में 76,617.44 पर बंद हुआ। निफ्टी 26.90 अंकों की बढ़त के साथ 23,192.60 अंक पर खुला, दिन में 23,350 के उच्चतम स्तर तक पहुंचा और अंत में 23,332.35 पर बंद हुआ।

## पूनम गुप्ता को रिजर्व बैंक का डिप्टी गवर्नर किया गया नियुक्त



**नई दिल्ली।** सरकार ने प्रतिष्ठित शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लॉयड इकनॉमिक रिसर्च की महानिदेशक पूनम गुप्ता को तीन साल के लिए आरबीआई का डिप्टी गवर्नर नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। माइकल देबव्रत पात्रा के जनवरी में पद छोड़ने के बाद आरबीआई में डिप्टी गवर्नर का पद खाली हो गया था। वर्तमान में, गुप्ता एनसीएईआर की महानिदेशक हैं। वह प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य और 16वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद की संयोजक भी हैं। वाशिंगटन में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष और विश्व बैंक में लगभग दो दशक तक वरिष्ठ पदों पर काम करने के बाद वह 2021 में एनसीएईआर में शामिल हुईं।

## भारत में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि आठ महीने के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** मार्च में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर आठ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। बेहतर मांग के चलते कारखाना ऑर्डर और उत्पादन में तेज वृद्धि देखी गई। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (PMI) मार्च में 58.1 दर्ज किया गया, जो फरवरी में भी 58.1 था। इससे पहले फरवरी में नए ऑर्डर और उत्पादन में सुस्ती के कारण भारत का विनिर्माण क्षेत्र 14 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया था। मार्च में कुल बिक्री जुलाई 2024 के बाद से सबसे अधिक रही। कंपनियों ने ग्राहकों की रुचि, अनुकूल मांग और सफल विपणन को इसका कारण बताया। वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में उत्पादन की मात्रा बढ़ाई गई, जिससे औसत से अधिक विस्तार हुआ। नए निर्यात ऑर्डर में वृद्धि जारी रही, हालांकि इसकी गति तीन महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई। एशिया, यूरोप और पश्चिम एशिया में निर्यात मांग मजबूत बनी रही। बढ़ती मांग के कारण कंपनियों को अपने स्टॉक का उपयोग करना पड़ा, जिससे जनवरी 2022 के बाद सबसे तेज गिरावट दर्ज की गई।

## मारुति की 7 कारें 8 अप्रैल से 62,000 तक महंगी

**मुंबई।** मारुति सुजुकी की 7 कारें 8 अप्रैल से 62 हजार रुपए तक महंगी हो जाएंगी। कंपनी ने रॉ मटेरियल और ऑपरेशनल कॉस्ट के बढ़ने की वजह यह फैसला किया है। मारुति सुजुकी ने 2025 में अब तक तीसरी बार अपने वाहनों के दाम बढ़ाए हैं। पहली बढ़ोतरी जनवरी 2025 में हुई थी, जिसमें कंपनी ने 4% तक की बढ़ोतरी की घोषणा की थी। दूसरी बार फरवरी 2025 में दाम बढ़ाए गए, जिसमें मॉडल के आधार पर 1% से 4% तक की बढ़ोतरी हुई। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी सेलेरियो मॉडल में 32,500 तक की गई थी।

### अन्य ऑटोमोबाइल कंपनियों ने भी बढ़ाई कीमतें



अन्य ऑटोमोबाइल कंपनियों, हुंडई मोटर इंडिया, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मर्सिडीज बेंज,रेनो इंडिया, किआ मोटर्स, होंडा BMW मोटर्स और ऑडी जैसी कंपनियों ने भी अप्रैल-2025 से अपनी गाड़ियों की कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान कर चुकी हैं। कीमतें बढ़ाने के पीछे सभी ऑटोमोबाइल कंपनियों ने लगभग एक जैसा ही कारण दिया है। कंपनियां इनपुट कॉस्ट और लॉजिस्टिक्स में बढ़ोतरी के चलते ओवर ऑल मैन्युफैक्चरिंग कॉस्ट बढ़ने से ऐसा फैसला ले रही हैं। कंपनियों के इस फैसले का सीधा असर ग्राहकों की जेब पर पड़ेगा, खासकर उन ग्राहकों पर जो नई कार खरीदने का विचार कर रहे हैं।

केकेआर बनाम सनराइजर्स

# जीत की राह पर लौटने की जंग



एजेंसी । कोलकाता

गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और उपविजेता सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) गुरुवार को जब आईपीएल मुकाबले में आमने-सामने होंगी, तो दोनों की नजरें जीत की राह पर लौटने पर होंगी। दोनों टीमों ने तीन मैचों में सिर्फ एक जीत दर्ज की है।



## केकेआर के लिए पिच और फॉर्म चिंता का विषय

■ केकेआर ने पिछले सत्र में सिर्फ तीन मैच गंवाए थे, लेकिन इस बार टीम तीन में से दो मुकाबले हार चुकी है। ईडन गार्डंस की पिच पर भी सवाल उठे हैं, खासकर आरसीबी से मिली सात विकेट की हार के बाद। बंगाल क्रिकेट संघ (CAB) पर दबाव है कि स्पिनरों को मददगार पिच तैयार की जाए। स्पिन आक्रमण में मजबूत केकेआर के पास सुनील नारायन, मोईन अली और वरुण चक्रवर्ती जैसे स्पिनर हैं, लेकिन पिच उनके अनुकूल नहीं रही। रिपोर्ट्स के अनुसार, पिच क्यूरेटर सुजन मुखर्जी ने केकेआर के अनुरोध को पहले खारिज कर दिया था।

## टीम संयोजन को लेकर सवाल

■ केकेआर की गेंदबाजी और बल्लेबाजी में तालमेल की कमी दिख रही है। स्टार खिलाड़ी खराब फॉर्म में हैं। टीम ने नीलामी से पहले श्रेयस अय्यर (पंजाब), नितीश राणा (राजस्थान), फिल साल्ट (आरसीबी) और मिचेल स्टार्क (दिल्ली) को रिलीज किया था, जो अब शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। स्पेंसर जॉनसन तेज गेंदबाजी में प्रभाव नहीं डाल सके। एनरिच नॉर्किया चोटिल होने के कारण बाहर हैं। वेंकटेश अय्यर दो मैचों में सिर्फ 9 रन बना पाए हैं।

### उथप्पा को पीछे छोड़ देंगे रसेल

आंद्रे रसेल पांच रन बनाते ही कोलकाता की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज कर जाएंगे। वह अब तक 123 मैचों की 103 पारियों में 174.67 की स्ट्राइक रेट से 2435 रन बना चुके रसेल, रॉबिन उथप्पा (2439) को पीछे छोड़ देंगे।

### आमने-सामने

कुल मैच : 28
कोलकाता जीता : 19
हैदराबाद जीता : 9

### नंबर गेम

1 शतक अब तक इस सत्र में लगा है जो हैदराबाद के बल्लेबाज किशन के बल्ले से निकला है

3 लगातार मुकाबलों में पिछले साल कोलकाता ने हैदराबाद को मात दी थी

### सनराइजर्स की बल्लेबाजी चिंता का कारण

पहले मैच में 6 विकेट पर 286 रन बनाने वाली सनराइजर्स की टीम पिछले दो मैचों में 200 रन भी नहीं बना सकी। आक्रामक बल्लेबाजी की रणनीति नाकाम रही, जिससे लखनऊ और दिल्ली ने उन्हें हराया। पैट कमिंस और मोहम्मद शमी ईडन गार्डंस की पिच पर खतरनाक साबित हो सकते हैं। ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा से तेज शुरुआत की उम्मीद होगी। इस सत्र के एकमात्र शतकवीर किशन भी लय में लौटना चाहेंगे। रिंकू सिंह को फिनिशर की भूमिका निभाने की जरूरत है।

# सीयर्स के दम पर न्यूजीलैंड ने सील की वनडे सीरीज

▶▶ दूसरे वनडे में पकिस्तान को दी 84 रन से शिकस्त

वनडे सीरीज



एजेंसी । हैमिल्टन

हैमिल्टन में खेले गए दूसरे वनडे में पाकिस्तान को 84 रन से हार का सामना करना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 292 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तानी टीम 41.2 ओवर में 208 रन पर ही सिमट गई। इससे पहले पहले वनडे में भी पाकिस्तान को 90 रन से हार मिली थी। इस तरह न्यूजीलैंड ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। 27 साल के तेज गेंदबाज बेन सियर्स ने इस मैच में जबरदस्त प्रदर्शन किया। अपने तीसरे वनडे में उन्होंने 9.2 ओवर में 59 रन देकर 5 विकेट चटकाए।

### नंबर गेम

■ 5 विकेट चटकाए सीयर्स ने 6.32 की इकोनॉमी से 59 रन देकर
■ 99 रन की नाबाद पारी खेली मिच ने 78 गेंदों में सात छक्कों और इतने ही चौकों से
■ 84 रन से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को दूसरे वनडे मुकाबले में पराजित किया

### टॉप ऑर्डर ने किया निराश, टीम हुई ढेर

■ पाकिस्तान की हार की सबसे बड़ी वजह उसका टॉप ऑर्डर रहा, जो पूरी तरह फ्लॉप साबित हुआ। बाबर आजम, इमाम-उल-हक, अब्दुल्लाह शफीक, मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा—ALL सिंगल डिजिट स्कोर पर आउट हो गए। 32 रन तक ही आधी टीम पवेलियन लौट गई थी। हालांकि, पाकिस्तान 208 के स्कोर तक पहुंच सका, क्योंकि निचले क्रम में फहीम अशरफ और नसीम शाह ने संघर्ष किया।

# मुंबई छोड़ अब गोवा के लिए खेलेंगे यशस्वी

एजेंसी । मुंबई

भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने निजी कारणों से अपनी घरेलू टीम मुंबई को छोड़कर गोवा के लिए खेलने का फैसला किया है। उन्होंने मंगलवार को मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) को पत्र लिखकर 2025-26 सत्र में गोवा से खेलने की इच्छा जताई, जिसे एमसीए ने स्वीकार कर लिया।



### यह हैरानी की बात : एमसीए

एमसीए के एक अधिकारी ने कहा कि यह थोड़ा चौंकाने वाला है, लेकिन उसने सोच-समझकर ही यह निर्णय लिया होगा। हमने उसकी अपील मान ली और उसे रिलीज कर दिया। यशस्वी ने मुंबई के लिए आखिरी रणजी मैच 23 से 25 जनवरी के बीच जम्मू-कश्मीर के खिलाफ खेला था, जिसमें उन्होंने 4 और 26 रन बनाए। इस मुकाबले में मुंबई को पहली बार जम्मू-कश्मीर से पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

### गोवा क्रिकेट संघ ने किया स्वागत

गोवा क्रिकेट संघ (जीसीए) के सचिव शंबा देसाई ने कहा कि यशस्वी हमारे लिए खेलना चाहता है और हम उसका स्वागत करते हैं। वह अगले सत्र में गोवा की टीम का हिस्सा होगा। यशस्वी की कप्तानी को लेकर पूछे गए सवाल पर देसाई ने कहा, ′हां, ऐसा हो सकता है। वह भारतीय टीम के लिए खेलता है और हमारी कप्तानी कर सकता है। उसकी उपलब्धता को देखकर फैसला लिया जाएगा।

### मुंबई छोड़ गोवा जाने वाले तीसरे खिलाड़ी

यशस्वी जायसवाल मुंबई छोड़कर गोवा जाने वाले तीसरे बड़े क्रिकेटर हैं। उनसे पहले अर्जुन तेंदुलकर और सिद्धेश लाड ने भी 2022-23 सत्र में गोवा का रुख किया था। हालांकि, लाड पिछले सत्र में मुंबई टीम में लौट आए थे।

यशस्वी जायसवाल ने जुलाई 2023 में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था। उन्होंने अब तक 19 टेस्ट मैचों में 52 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं और भारतीय टीम का अहम हिस्सा बने हुए हैं।

# हार्दिक पांड्या ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार

चक्रवर्ती टी-20 रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसके



एजेंसी । दुबई

हार्दिक पांड्या ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। वहीं भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती आईसीसी की टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान नीचे खिसककर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। चक्रवर्ती 706 रेटिंग अंकों के साथ न्यूजीलैंड के जेकब डफी (723) और वेस्टइंडीज के अकील हुसैन (707) से पीछे हैं। रवि बिश्नोई (674) और अर्शदीप सिंह (653) क्रमशः सातवें और दसवें स्थान पर हैं, जबकि अक्षर पटेल 13वें स्थान पर काबिज हैं।

### टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग

भारत के अभिषेक शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड शीर्ष पर, जबकि इंग्लैंड के फिल सॉल्ट तीसरे स्थान पर हैं। तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

### ऑलराउंडर रैंकिंग

हार्दिक पांड्या 252 रेटिंग अंकों के साथ ऑलराउंडर की सूची में पहले स्थान पर कायम हैं। उनके बाद नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी और ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

# विश्व मुक्केबाजी कप के सेमीफाइनल में जदुमणि

**ब्राजील।** भारत के राष्ट्रीय चैंपियन जदुमणि सिंह मांडेंगबाम (50 किग्रा) ने फोज डो इगुआकु में जारी विश्व मुक्केबाजी कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने ग्रेट ब्रिटेन के एलिस ट्रोब्रिज को 3-2 से हराकर यह सफलता हासिल की। अब सेमीफाइनल में जदुमणि का मुकाबला पूर्व एशियाई अंडर-22 चैंपियन, उज्बेकिस्तान के असिलबेक जालिलोव से होगा। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा से अधिक), निखिल दुबे (75 किग्रा) और जुगनू (85 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गए। नरेंद्र ने कजाकिस्तान के सपरबे डेनियल को कड़ी चुनौती दी, लेकिन पहले राउंड में सर्वसम्मति से जीत के बावजूद उन्हें आखिर में करीबी मुकाबले में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा।

# आईपीएल में विकेटकीपिंग के लिए संजू सैमसन को मिली मंजूरी



एजेंसी । बेंगलुरु


राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से आईपीएल में विकेटकीपिंग करने की मंजूरी मिल गई है। वह पंजाब किंग्स के खिलाफ अगले मैच में कप्तान के रूप में वापसी करेंगे।

### चोट के कारण तीन मैचों में नहीं की थी कीपिंग

■ फरवरी में भारत और इंग्लैंड के बीच टी-20 सीरीज के दौरान तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की गेंद पर सैमसन के दाहिने हाथ की बीच की उंगली में चोट लग गई थी, जिसके चलते उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। इस कारण आईपीएल 2025 के पहले तीन मैचों में वह केवल बल्लेबाज के रूप में खेले, जबकि रियान पराग ने टीम की कप्तानी संभाली। राजस्थान ने इन तीन मुकाबलों में से दो में हार का सामना किया। राजस्थान रॉयल्स ने बुधवार को जारी विज्ञप्ति में कहा कि रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन को विकेटकीपिंग के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से मंजूरी मिल गई है। वह अगले मैच में कप्तान के रूप में लौटेंगे।

# आईपीएल डायरी

### लखनऊ की पिच पर बरसे जहीर



**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स टीम के मेंटर जहीर खान ने पंजाब किंग्स से मिली पराजय के बाद इकाना स्टेडियम की पिच की पर भड़ास निकालते हुए कहा कि ऐसा लग रहा था कि पंजाब के क्यूरेटर ने इसे तैयार किया है। लखनऊ तीन मैचों में से दो हार चुकी है। असमान उछाल वाली पिच पर 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब ने आठ विकेट से जीत दर्ज की। जहीर ने गुरुवार को मैच के बाद कहा, मैं इसलिए थोड़ा निराश हूं कि यह घरेलू मैच था। आईपीएल में आपने देखा है कि टीमों को घरेलू मैदानों पर खेलने का फायदा मिलता है। इस लिहाज से मुझे लगता है कि क्यूरेटर ने यह नहीं सोचा कि यह घरेलू मैच है। ऐसा लग रहा था कि पंजाब के क्यूरेटर यहां थे। इस पर बात करनी होगी। मेरे लिए यह नई टीम है लेकिन उम्मीद है कि आगे से किसी मैच में ऐसा नहीं होगा क्योंकि आप अपने प्रशंसकों को भी निराश कर रहे हैं। वे यहां पहला घरेलू मैच जीतते देखने की उम्मीद लेकर आए थे।

### मैच दर मैच प्रदर्शन में आएगा और निखार : पोंटिंग



**लखनऊ।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने लखनऊ के खिलाफ जीत में शानदार अर्धशतक जमाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर की तुलना 'तीसरे गियर में रॉल्स रॉयस' की है। उन्होंने जीत के बाद टीम बैठक में कहा,कप्तान ने फिर इसे आसान बना दिया। रॉल्स रॉयस अधिकांश समय तीसरे गियर में ही रही। इससे ज्यादा आक्रामक होने की जरूरत नहीं है। कुछ भी हलके में नहीं लेना है। हमारा रवैया ठीक है और हम बतौर एक परिवार मेहनत करते रहेंगे।

# बॉलीवुड



# नहीं रहे सबके चहेते बैटमैन!

**जाने-माने हॉलीवुड अभिनेता वैल किल्मर का निधन**

**न्यूयॉर्क।** 90 के दशक में हॉलीवुड के नामी सितारों में से एक वैल किल्मर अब नहीं रहे। कैलिफोर्निया में जन्मे और जूलियार्ड से ट्रेंड एक्टर वैल किल्मर, ने 'टॉप गन,' 'द डोर्स,' 'टूम्बस्टोन' और 'बैटमैन फॉरएवर' जैसी फिल्मों में अपनी शानदार एक्टिंग से लोगों दिलों मेंकास जगह बनाई है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, 65 साल की उम्र उन्होंने आखिरी सांस ली। उनकी मौत का कारण निमोनिया बताया गया है, उनकी बेटी मर्सिडीज किल्मर ने यह जानकारी दी। वैल किल्मर के निधन की खबर आते ही इंडस्ट्री में गम के बादल छा गए हैं। वहीं फैंस का दिल टूट गया है और वह सोशल मीडिया पर एक्टर को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। वैल किल्मर हॉलीवुड के नामी सितारों में से एक थे, लेकिन डायरेक्टर्स और को-स्टार्स के साथ कई विवादों और फ्लॉप फिल्मों ने उनके करियर को प्रभावित किया। कुछ ही सालों में उन्हें तुनकमिजाज और अहंकारी एक्टर के रूप में जाने जाने लगे।

### वैल किल्मर का फिल्मी करियर


■ वैल किल्मर अपनी फिल्मी करियर की शुरुआत 1984 में जासूसी स्पूफ 'टॉप सीक्रेट!' से की थी। इसके बाद उन्होंने कॉमेडी फिल्म 'रियल जीनियस' में काम किया। वह 1986 की हिट फिल्म 'टॉप गन' (1986) में टॉम क्रूज के सह-कलाकार के रूप में स्टारडम तक पहुंचे, जिसमें उन्होंने नौसेना विमान चालक टॉम 'आइसमैन' कज़ान्स्की का किरदार निभाया, और दशकों बाद 2022 की सीक्वल 'टॉप गनः मैवरिक' में फिर से क्रूज के साथ नजर आए।

### प्यार, शादी, बच्चे और फिर तलाक

■ किल्मर ने डायरेक्टर रॉन हावर्ड की फैंटेसी फिल्म 'विलो' (1988) में एक्टिंग किया और अपनी ब्रिटिश सह-कलाकार जोआन व्हाली से शादी की, जिनसे उनके दो बच्चे हुए, लेकिन बाद में उनका तलाक हो गया।

### 'द डोर्स' में निभाई थी सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिका

■ उनके सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं में से एक डायरेक्टर ओलिवर स्टोन की 'द डोर्स' (1991) में आई, उन्होंने प्रभावशाली रॉक बैंड द डोर्स के करिश्माई और अंततः दुखदायक प्रमुख गायक जिम मॉरिसन का किरदार निभाया। स्टोन को मनाने के लिए, किल्मर ने खुद का आठ मिनट का वीडियो बनाया।



# शरद की आवाज के साथ लौट रहा है रावण

▶▶ हनुमान जयंती पर 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' का छठा सीजन होगा रिलीज

हनुमान जयंती के अवसर पर बहुप्रतीक्षित एनिमेटेड सीरीज 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' अपने छठे सीजन के साथ लौट रही है। इस बार दर्शकों को पहले से भी ज्यादा बेहतर एनिमेशन और दमदार एक्शन देखने को मिलेगा। खास बात यह है कि रावण की आवाज बॉलीवुड अभिनेता शरद केलकर ने दी है, जिससे सीरीज और भी रोमांचक हो गई है।




### संजीवनी बूटी की खोज का रोमांचक अध्याय

छठे सीजन में रामायण के उस महत्वपूर्ण प्रसंग को दिखाया जाएगा, जिसमें लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं और हनुमान जी संजीवनी बूटी लाने के लिए पूरा द्रोणागिरी पर्वत उठा लाते हैं। युद्ध जैसे-जैसे आगे बढ़ता है, रावण अपने नए दांव-पेंच आजमाने लगता है और भगवान राम को हराने के लिए उनके सबसे करीबी सहयोगियों को निशाना बनाता है।


# ज्ञानवापी फाइल्स का पहला पोस्टर जारी

दर्जी कन्हैया लाल की क्रूर हत्या पर आधारित एक फिल्म 'ज्ञानवापी फाइल्सः ए टेलर मर्डर स्टोरी' रिलीज के लिए तैयार है, जिसमें मशहूर बॉलीवुड अभिनेता विजय राज मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म का पहला आधिकारिक पोस्टर आज जारी किया गया, जो एक बेहद चर्चित प्रोजेक्ट की शुरुआत है। अभिनेता का फिल्म से पहला लुक भी जारी हुआ है। निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख का भी एलान किया है। यह फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म की घोषणा आज 2 अप्रैल 2025 को सोशल मीडिया पर की गई।

■ दर्जी कन्हैया लाल की भूमिका में नजर आएंगे विजय राज




# हाई-कॉन्सेप्ट थ्रिलर फिल्म में धमाल मचाएंगी श्रद्धा



श्रद्धा कपूर ने हाल ही में हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' से दर्शकों का दिल जीता था। इसके बाद से उन्होंने अपनी अगली फिल्म की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की थी। हालांकि, अब खबर आ रही है कि श्रद्धा जल्द ही 'तुम्बाड़' के निर्देशक राही अनिल बर्वे के साथ एक नया प्रोजेक्ट शुरू करने वाली हैं। इस फिल्म का निर्माण एकता कपूर करेंगी। हालांकि, अभी इसकी कहानी और नाम का खुलासा नहीं हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक श्रद्धा और एकता कपूर कई फिल्मों को लेकर बातचीत कर रही हैं। इनमें से एक हाई-कॉन्सेप्ट थ्रिलर फिल्म है, जिसे 'तुम्बाड़' फेम निर्देशक राही अनिल बर्वे ने तैयार किया है। रिपोर्ट के मुताबिक स्क्रिप्ट पूरी हो चुकी है और श्रद्धा इसकी अनोखी कहानी से बेहद प्रभावित हैं। उन्हें लगता है कि यह अनाम थ्रिलर 'स्त्री 2' के बाद उनके लिए एक शानदार फिल्म हो सकती है।

### लव स्टोरी फिल्म पर भी चल रही चर्चा

इसके अलावा श्रद्धा एकता कपूर के साथ एक लव स्टोरी पर भी चर्चा कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन 'आशिकी 2' फेम निर्देशक मोहित सूरी करेंगे। खास बात यह है कि इसमें श्रद्धा की जोड़ी एक बार फिर आदित्य रॉय कपूर के साथ नजर आ सकती है। सूत्रों का कहना है कि श्रद्धा के पास कुछ और प्रोजेक्ट्स भी हैं, लेकिन उनकी डिटेल्स अभी गुप्त रखी गई हैं।

# थाईलैंड का दौरा करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

## ▶▶ बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा
## ▶▶ भारत का भरोसेमंद समुद्री पड़ोसी है थाईलैंड

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत-थाइलैंड के राजनयिक रिश्ते बेहद पुराने और प्रगाढ़ हैं। भारत की आजादी के साथ ही दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध स्थापित हो गए थे। आज थाइलैंड न सिर्फ भारत का एक प्रमुख और भरोसेमंद समुद्री पड़ोसी है, बल्कि हिंद प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण सहयोगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन अप्रैल से शुरू हो रही यात्रा से दोनों देशों के संबंधों में मजबूती आने की संभावना है। प्रधानमंत्री तीसरी बार थाइलैंड की यात्रा पर जा रहे हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, कई क्षेत्रीय एवं उप क्षेत्रीय समूहों के जरिए भारत और थाइलैंड की साझेदारी मजबूत हुई है। थाइलैंड और भारत आसियान, बिम्स्टेक के साथ-साथ पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस), मेकांग-गंगा सहयोग (एमजीसी), एशिया सहयोग वार्ता (एसीडी), हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) तथा अयेयावाडी-चाओ फ्राया-मेकांग आर्थिक सहयोग रणनीति (एसीएमईसीएस) समूहों में भी शामिल हैं।

### व्यापार लगातार बढ़ रहा


■ भारत और थाइलैंड के बीच व्यापार भी लगातार बढ़ रहा है। 2024 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 17.5 अरब डालर का था। भारत थाइलैंड का 11वां और थाइलैंड भारत का 21वां बड़ा व्यापारिक सहयोगी है। दर्जनों भारतीय कंपनियां, जिनमें टाटा स्टील, महिन्द्रा, रैनबैक्सी, टीसीएस, आदित्य बिरला समूह, बजाज ऑटो आदि थाइलैंड में संचालित हैं।

### संशोधित रक्षा समझौता

■ दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में भी सहयोग है। दरअसल, थाइलैंड भारत का एक प्रमुख समुद्री पड़ोसी है। 2012 में हुए रक्षा समझौते के तहत दोनों देशों की नौसेनाएं संयुक्त समुद्री गश्त, वार्षिक स्टाफ वार्ता, विशेषज्ञों का आदान-प्रदान तथा एक-दूसरे के कार्मिकों को प्रशिक्षण दे सकती हैं। इस यात्रा के दौरान थाइलैंड के साथ संशोधित रक्षा समझौता होने की संभावना है।

### भारतीय पर्यटकों की संख्या 21 लाख पहुंची

थाइलैंड में बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटक जाते हैं। कोविड से पहले जहां 19 लाख भारतीय पर्यटक थाइलैंड गए थे, वहीं 2024 में यह संख्या बढ़कर 21 लाख तक पहुंच गई। यही कारण है कि देश के 15 शहरों से सप्ताह में 400 फ्लाइट्स थाइलैंड के लिए हैं। पर्यटक और नागरिक संपर्क बढ़ाने के लिए दोनों देशों ने वीजा नियम आसान बनाए हैं। भारत ने थाइलैंड के नागरिकों के लिए 30 दिन का ई-वीजा शुरू किया है, जबकि थाइलैंड ने भारतीय पर्यटकों के लिए 60 दिन का वीजा मुक्त प्रवेश शुरू किया है, जिसे 30 और दिनों के लिए विस्तारित किया जा सकता है। दोनों देशों में शिक्षा के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ा है। भारत ने आसियान देशों के लिए आईआईटी में 1000 पीएचडी स्लॉट की घोषणा की है, जिसमें थाइलैंड के लिए 100 सीटें हैं। योजनाओं में 75 फेलोशिप भी भारत द्वारा थाइलैंड को प्रदान की जाती है।



### थाई समकक्ष पैतोगटार्न शिनावात्रा संग करेंगे वार्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थाइलैंड में छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। थाइलैंड में भारतीय समुदाय द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा और वह गवर्नमेंट हाउस में अपने थाई समकक्ष पैतोंगटार्न शिनावात्रा के साथ वार्ता करेंगे। बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस भी मौजूद रहेंगे।

### हो सकती है मोदी-यूनुस की बैठक

बांग्लादेश के विदेश सचिव मोहम्मद जशीमउद्दीन ने कहा कि बांग्लादेश ने बिम्सटेक में पीएम मोदी और बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के बीच बैठक का अनुरोध किया है। हमें पूरी उम्मीद है कि हमारे अनुरोध पर विचार किया जाएगा। बिम्सटेक का पूरा नाम 'बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल है।

# म्यांमार में तबाही के बीच सेना ने युद्धविराम की घोषणा की

## भूकंप से मरने वालों की संख्या 3 हजार के पार

**एजेंसी । बैंकॉक**

म्यांमार की सत्तारूढ़ सेना ने भूकंप राहत प्रयासों को बेहतर बनाने के लिए 22 अप्रैल तक देश के गृह युद्ध में संघर्ष विराम की घोषणा की है। बता दें कि, म्यांमार 2021 से गृह युद्ध की आग में झुलस रहा है। एक स्थानीय टीवी चैनल के अनुसार, सेना ने मानवीय सहायता को ध्यान में रखते हुए 22 अप्रैल तक संघर्ष विराम लागू करने का फैसला किया है। हालांकि, सेना ने चेतावनी दी कि यदि विद्रोही समूह इस दौरान हमले करते हैं या अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने की कोशिश करते हैं, तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले, म्यांमार में सैन्य शासन के खिलाफ लड़ रहे दो प्रमुख सशस्त्र संगठनों ने भी युद्धविराम की घोषणा की थी। लेकिन सेना ने शुरुआत में



### रेस्क्यू ऑपरेशन में दिखा कुदरत का चमत्कार

बुधवार को बचाव दल ने म्यांमार की राजधानी नैप्यीडॉ में एक होटल के मलबे से दो लोगों को जिंदा निकाला। इनमें से एक, 26 वर्षीय नाइंग लिन टुन, करीब 108 घंटे तक फंसा रहा। उसे एंडोस्कोपिक कैमरा की मदद से खोजा गया और सावधानीपूर्वक बाहर निकाला गया।

### म्यांमार में भूकंप से भयानक तबाही

म्यांमार में शुक्रवार दोपहर आए इस भूकंप ने हजारों इमारतों को गिरा दिया, पुल ध्वस्त हो गए और सड़कें टूट गईं। अब तक 4,500 से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। स्थानीय रिपोर्टों के मुताबिक, असली मौत का आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा हो सकता है। भूकंप से पहले ही म्यांमार में 30 लाख से ज्यादा लोग विस्थापित थे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### भाजपा ने विधायकों के निलंबन को वापस लेने की मांग की

बेंगलुरु। कर्नाटक विधानसभा से 18 भाजपा विधायकों के निलंबन को तानाशाही और अलोकतांत्रिक करार देते हुए भाजपा नेताओं ने इसे वापस लेने की मांग की। इस दौरान विरोध-प्रदर्शन भी किया गया। विधानसभा परिसर में केंगल हनुमंतैया की प्रतिमा के सामने प्रदर्शन करते हुए भाजपा विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष को कांग्रेस समर्थक बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर निलंबन तुरंत वापस नहीं लिया गया तो वे प्रदर्शन तेज करेंगे। कर्नाटक विधानसभा से 21 मार्च को 18 भाजपा विधायकों को अनुशासनहीनता को लेकर छह महीने के लिए निलंबित कर दिया गया था।

### तमिलनाडु में कच्चातीवु द्वीप को वापस लेने का प्रस्ताव पारित

चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा ने बुधवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित करते हुए केंद्र सरकार से श्रीलंका को सौंपे गए कच्चातीवु द्वीप को वापस लेने का आग्रह किया है। इस प्रस्ताव का मुख्य विपक्षी दल एआईएडीएमके सहित अन्य दलों ने भी समर्थन किया। प्रस्ताव में कहा गया कि कच्चातीवु द्वीप को वापस लेना तमिलनाडु के मछुआरों के पारंपरिक मछली पकड़ने के अधिकारों की रक्षा करने और श्रीलंकाई नौसेना के कारण उन्हें होने वाली परेशानियों को कम करने का एकमात्र स्थायी समाधान है।


### ऑर्गन डोनेशन पर सरकारी कर्मचारियों को मिलेगी 42 दिन की छुट्टी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए ऑर्गन डोनेशन (अंगदान) पर 42 दिन की स्पेशल कैजुअल लीव देने का प्रावधान किया है। लोकसभा में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस संबंध में जानकारी दी। यह छुट्टी सर्जरी के टाइप पर निर्भर नहीं करेगी और इसे सरकारी डॉक्टर की सिफारिश पर अधिकतम 42 दिनों तक लिया जा सकता है। यह आमतौर पर अस्पताल में भर्ती होने के दिन से शुरू होगी, लेकिन जरूरत पड़ने पर सर्जरी से एक सप्ताह पहले भी ली जा सकती है। यह प्रावधान 2023 में कार्मिक मंत्रालय के आदेश के तहत लागू किया गया था, जिससे ऑर्गन डोनेशन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### एक सप्ताह में दूसरी बार ठप हुई यूपीआई की सेवा

नई दिल्ली। यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आ रही है। जहां बुधवार को प्रमुख ऐप्स पर यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) सेवाएं ठप हो गईं। बता दें कि एक सप्ताह में दूसरी बार ऐसा हुआ है। डाउनडिटेक्टर के अनुसार, रात 8 बजे तक कुल 449 शिकायतें दर्ज की गईं।

# सीबीआई ने शुरू की भारतपोल पोर्टल की ट्रेनिंग



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 7 जनवरी 2025 को भारतपोल पोर्टल लॉन्च किया। यह पोर्टल इंटरपोल से जुड़े मामलों को आसानी से निपटाने के लिए बनाया गया है। अब कई राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों से इंटरपोल नोटिस और अपराध संबंधी अनुरोध इसी पोर्टल के जरिए भेजे जा रहे हैं। सभी इंटरपोल लायजन ऑफिसर (आईएलओ) और यूनिट ऑफिसर (यूओ) इस पोर्टल से जुड़े हैं। उनके लॉगिन आईडी सीबीआई की तरफ से बनाई जा रही हैं। दूसरे देशों से आने वाले अनुरोधों को भी इसी पोर्टल के जरिए राज्य पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों तक पहुंचाया जा रहा है। सीबीआई के इंटरपोल पुलिस यूनिट सहयोग इकाई (आईपीसीयू) ने भारतपोल पोर्टल की ट्रेनिंग शुरू कर दी है। इस पोर्टल के लॉन्च के दिन सीबीआई मुख्यालय में आईएलओ अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद आंध्र प्रदेश, दिल्ली, त्रिपुरा, तेलंगाना, पंजाब और असम पुलिस को ऑनलाइन ट्रेनिंग दी गई। तीन मार्च 2025 को सीबीआई अकादमी ने सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए इंटरपोल और अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर विशेष ऑनलाइन ट्रेनिंग आयोजित की।

# राजस्थान में आतंकी साजिश का मोस्ट वांटेड आरोपी गिरफ्तार

## ▶▶ वर्ष 2022 में एक कार में विस्फोटक की हुई थी बरामदगी

**शिकंजा**

**एजेंसी । रतलाम**

राजस्थान में आतंकी साजिश रचने के आरोपी फिरोज खान को मध्य प्रदेश पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) ने फिरोज को मोस्ट वांटेड घोषित कर उस पर पांच लाख रुपये का इनाम रखा था। वर्ष 2022 में राजस्थान के निंबाहेड़ा शहर में एक कार से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुआ था। इस मामले की जांच करते हुए एनआईए को फिरोज खान की तलाश थी।



रतलाम जिले के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर फिरोज को उसकी बहन के घर से गिरफ्तार किया गया। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और एनआईए को उसकी गिरफ्तारी की सूचना दे दी गई है।

### अब तक आठ गिरफ्तारियां

इस मामले में पहले ही सैफुल्लाह, जुबैर और अल्तमश को गिरफ्तार किया जा चुका था। पूछताछ में मास्टरमाइंड इमरान और उसके साथियों का नाम सामने आया, जिन्हें एनआईए ने गिरफ्तार कर लिया था। फिरोज खान फरार था, लेकिन अब उसे भी पकड़ लिया गया है। अब तक इस आतंकी साजिश से जुड़े आठ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, और जांच जारी है।

# अगले तीन दिन तक 10 से अधिक राज्यों में बारिश के आसार

## ▶▶ पश्चिम बंगाल के ऊपर बना चक्रवाती दबाव, राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ का असर
## ▶▶ 3-6 अप्रैल के बीच चलेंगी तेज हवाएं, 50 किमी प्रति घंटे होगी रफ्तार



**एजेंसी । नई दिल्ली**

देश के कई हिस्से तेज गर्मी की लहर से परेशान हैं। कई राज्यों में तेज धूप के कारण तापमान 40 डिग्री पार हो चुका है। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक बारिश और तेज रफ्तार हवा चलने की चेतावनी जारी की है। दरअसल, पश्चिम बंगाल के ऊपर चक्रवात परिसंचरण का दबाव बना हुआ है, जिससे मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा समेत दक्षिण भारत के कई राज्यों में आंधी, बिजली और तेज हवाएं चलने की आशंका जताई है। साथ ही राजस्थान में एक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण अगले 48 घंटे में राज्य में कई जगह बादल छाए रहने और हल्की बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक, 3-6 अप्रैल के बीच कई राज्यों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। इस दौरान हल्की और मध्यम वर्षा की संभावना है। दक्षिण भारत के राज्य तमिलनाडु, पुडुचेरी, तेलंगाना, केरल और कर्नाटक में अगले 72 घंटे में भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है।

## आरएसएस नेता हत्या प्रकरण

# 10 पीएफआई कार्यकर्ताओं को जमानत

**एजेंसी । कोच्चि**

केरल हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नेता श्रीनिवासन की हत्या के मामले में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 10 कार्यकर्ताओं को बुधवार को जमानत दे दी। यह हत्या तीन साल पहले केरल के पलक्कड़ जिले में हुई थी।



### किन आरोपियों को मिली जमानत?

न्यायमूर्ति राजा विजयराघवन और न्यायमूर्ति पीवी बालकृष्णन की पीठ ने शफीक, जफर बी, नासर, जमशीर एच, अब्दुल बसिथ, मोहम्मद शफीक के, अशरफ के, जिशाद बी, अशरफ मौलवी और सिराजुद्दीन को राहत दी।

### एनआईए कोर्ट से नहीं मिली थी राहत

इससे पहले एनआईए की विशेष अदालत ने इनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद आरोपियों ने हाईकोर्ट का रुख किया। हाईकोर्ट पहले ही 2023 में 17 अन्य आरोपियों को जमानत दे चुका है। हत्या मामले में शुरुआत में 51 लोगों को आरोपी बनाया गया था। इनमें से एक आरोपी की मौत हो चुकी है। 7 आरोपी अब भी फरार हैं। जुलाई और दिसंबर 2022 में चार्जशीट दाखिल की गई थी।

# पुंछ में पाक ने तोड़ा संघर्ष विराम, भारत का मुंहतोड़ जवाब

■ गोलीबारी में पाक सेना के पांच जवान घायल

■ नियंत्रण रेखा पर सेना का दबदबा, स्थिति नियंत्रण में

**एजेंसी । जम्मू**

भारतीय सेना ने एक बार फिर पाकिस्तानी सेना की घुसपैठ को विफल कर दिया। मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तानी सैनिकों की घुसपैठ से बारूदी सुरंग विस्फोट हुआ। इसके बाद पाक ने गोलीबारी कर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया, जिसका भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया। इस जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। सूत्रों के मुताबिक, गोलीबारी में पाक सेना के पांच



जवान घायल हो गए हैं। बुधवार को सेना ने बयान जारी कर कहा कि भारतीय सेना ने संघर्ष विराम उल्लंघन का मुहंतोड़ जवाब दिया है। नियंत्रण रेखा पर सेना ने दबदबा बनाए रखा है।

### गश्ती के दौरान हुआ विस्फोट

जम्मू स्थित सेना के जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने बयान में कहा, एक अप्रैल को कृष्णा घाटी सेक्टर में बारूदी सुरंग में उस समय विस्फोट हुआ, जब पाकिस्तानी सेना नियंत्रण रेखा पर गश्त कर रही थी। इसके बाद पाकिस्तानी सेना ने गोलीबारी कर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। फिर सेना ने भी माकूल जवाब दिया।

### इस साल पहली बार सीजफायर उल्लंघन

■ हाल के महीनों में यह पहली बार है, जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान की ओर से सीजफायर उल्लंघन की पुष्टि की है। इस साल फरवरी में पुंछ-राजौरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर कई घटनाएं सामने आईं हैं। 11 फरवरी को जम्मू क्षेत्र के अखनूर सेक्टर में संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा किए गए एक आईईडी हमले में एक कैप्टन सहित दो भारतीय सेना के जवान शहीद हो गए थे।

### 21 फरवरी को हुई थी फ्लैग बैठक

■ दरअसल, भारत-पाकिस्तान की सेना ने सीमा पार से गोलीबारी और आईईडी हमले की कई घटनाओं के बाद तनाव को कम करने के प्रयास में 21 फरवरी को पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर एक फ्लैग बैठक की थी। ब्रिगेड-कमांडर स्तर की यह बैठक चक्कन-दा-बाग क्रॉसिंग पॉइंट क्षेत्र में 75 मिनट तक चली, जिसमें दोनों पक्षों ने सीमाओं पर शांति बनाए।

**शोध** आईआईएससी के वैज्ञानिकों ने अपने शोध में किया दावा

# चांद पर ईंट के ढांचे को जीवाणु देगा जान

**एजेंसी । बेंगलुरु**

चांद पर ढांचा खड़ा करने में इस्तेमाल होने वाली ईंट की दरारों को जीवाणुओं से भरा जाएगा। बेंगलुरु स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के वैज्ञानिकों ने ये दावा जर्नल फ्रंटियर इन स्पेस में प्रकाशित अपने शोध में किया है। शोध के अनुसार चांद की सहत पर लगातार तापमान में होने वाले बदलाव के कारण ढांचे में इस्तेमाल होने वाली ईंट की दरारों को ठीक किया जा सकता है। आईआईएससी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के वैज्ञानिक और शोध के लेखक अलोक कुमार ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहले हमें बिलकुल उम्मीद नहीं थी कि ईंट की मरम्मत इतनी आसानी से हो जाएगी लेकिन आंकड़े बताते हैं कि ईंट मजबूत भी हुई और इसने द्रव्यमान के मानकों का भी बेहतर ढंग से पालन किया। वैज्ञानिक जीवाणु का सैंपल गगनयान मिशन से जड़े वैज्ञानिकों को भेजने की तैयारी में है। उनका मानना है कि इस खोज से मिशन से जुड़े वैज्ञानिकों को बड़ी मदद मिल सकती है।



### तीन मिश्रण से लेप तैयार

वैज्ञानिकों ने चांद की सतह पर पाई जाने वाली मिट्टी की तरह मिट्टी, स्पोरोसार्किना पास्चयुरी जीवाणु और गुआर पौधे के बीज के पाउडर के मिश्रण से लेप तैयार किया। ईंट में कृत्रिम तरीके से दरार पैदा की गई। इसके बाद पहले से तैयार लेप को दरार में भरा गया जिससे वो पूरी तरह से खत्म हो गई।

### भविष्य की राह आसान होगी

वैज्ञानिकों का कहना है कि ये शोध भविष्य की राह को आसान करने में अहम भूमिका निभाएगा। शोध के नतीजे इस बात का संकेत है कि चांद से जुड़े मिशन के लिए अब वहां ठहरा भी जा सकता है। भारत इस दिशा में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के आर्टेमिस मिशन की तर्ज पर आगे बढ़ सकता है।

### आखिर ईंट में दरार क्यों?

शोध के सह लेखक कौशिक विश्वनाथन बताते हैं कि चांद का तापमान बहुत तेज होता है। यहां रोज पारा 121 डिग्री सेल्सियस से 131 डिग्री सेल्सियस के बीच घूमता है। चांद से सौर हवा और उल्कापिंड भी टकराते हैं। इस कारण निर्माण ढांचे में इस्तेमाल होने वाली ईंट में दरारे आ जाती हैं जिससे ढांचा कमजोर होता है।

### क्या करता है जीवाणु?

वैज्ञानिकों का दावा है कि जीवाणु पर्यावरण में यूरिया को नष्ट कर उसे कार्बोनेट और अमोनिया में तब्दील करता है। ईंट में मौजूद कैलशियम कार्बोनेट से रिएक्ट कर एक मजबूत जोड़ बनाने का काम करता है। इसी प्रक्रिया से ईंट की दरारे भरती हैं और उसको पहले से ज्यादा मजबूती भी मिलती है।

### तापमान का असर नहीं

वैज्ञानिकों का दावा है कि ईंट की मरम्मत के लिए बने लेप से ईंट पर तेज तापमान का भी असर नहीं पड़ेगा। चांद पर ढांचा खड़ा करने के लिए इस्तेमाल होने वाली ईंट में अगर इसका प्रयोग किया जाए तो ईंट 100 से 175 डिग्री सेल्सियस का तापमान भी आसानी से सहन कर लेगी।

# महिला ड्रग तस्कर साथी सहित हुई गिरफ्तार

## आरोपी के फोन से कई फिल्मी हस्तियों की चैट मिली

अलप्पुझा। आबकारी विभाग ने एक महिला ड्रग तस्कर और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 2 करोड़ रुपए मूल्य का गांजा बरामद किया गया है। अधिकारियों का दावा है कि महिला के फोन से कई फिल्मी हस्तियों की वाट्सऐप चैट भी सामने आई है।



### खुफिया जानकारी के आधार पर हुई गिरफ्तारी

आबकारी विभाग को खुफिया सूचना मिली थी, जिसके आधार पर अधिकारी काफी समय से महिला तस्कर तस्लीमा सुल्ताना पर नजर रख रहे थे। बुधवार को ओमानापुझा कोस्टल रोड से तस्लीमा सुल्ताना और उसके साथी फिरोज को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों के अनुसार, तस्लीमा चेन्नई की रहने वाली है और ड्रग्स बाजार में उसे 'क्रिस्टीना' के नाम से जाना जाता है। वह मुख्य रूप से कोच्चि से अपने ड्रग नेटवर्क का संचालन करती थी।

### फिल्मी हस्तियों से जुड़े होने का दावा

जांच में पता चला है कि तस्लीमा कई नामी फिल्मी हस्तियों को ड्रग सप्लाई करती थी। उसने कुछ चर्चित हस्तियों के नामों का खुलासा भी किया है। अधिकारियों के अनुसार, महिला के फोन से फिल्मी हस्तियों की वाट्सऐप चैट भी बरामद हुई है, जिससे ड्रग्स नेटवर्क के और बड़े खुलासे होने की संभावना है। आबकारी विभाग ने कहा कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और आगे की कार्रवाई की जाएगी।